# महिलाओं के सर्वांगीण विकास के लिए हम प्रतिबद्ध : शर्मा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोमवार को मुख्यमंत्री निवास पर आयोजित कार्यक्रम में 1 लाख 22 हजार आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं को दो यूनिफार्म के लिए 1-1 हजार रूपये डीबीटी के माध्यम से सीधे उनके बैंक खातों में हस्तांतरित किए। इस दौरान शर्मा ने प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, लाडो प्रोत्साहन योजना, कालीबाई भील योजना के लाभार्थियों को भी चैक सौंपे। शर्मा ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्तानौनिहालों का पूरा ध्यान रखती हैं और वे इस भावी पीढ़ी की नींव को मजबूत कर राष्ट्र निर्माण में बड़ी भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने पिछले दो वर्ष में आंगनबाड़ियों के सुदृढ़ीकरण के लिए कई निर्णय लिए हैं। हमारी सरकार ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, मिड डे मील कुक कम हेल्पर सहित समस्त मानदेय कर्मियों के मानदेय में 10 प्रतिशत की वृद्धि की है जो 1 अप्रैल 2026 से प्रभावी हो जाएगी। उन्होंने कहा कि अमृत आहार योजना के तहत आंगनबाड़ी केंद्रों में 3 से 6 वर्ष आयु के बच्चों को सप्ताह में 5 दिन गर्म दूध दिया जा रहा है तथाआंगनबाड़ियों के सुदृढ़ीकरण-मरम्मत का कार्य भी करवाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आगनबाड़ी कार्यकर्ता और महिला पर्यवेक्षकों को स्मार्ट फोन दिए गए हैं।साथ ही, आगामी समय में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की आंखों की निःशुल्क जांच एवं चश्मा भी उपलब्ध करवाया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मानना है कि गांवों में बुनियादी सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण से ही सशक्त-आत्मनिर्भर भारत का निर्माण किया जा सकता है। इसी को ध्येय मानते हुए राज्य सरकार द्वारा 19 मार्च से 15 मई तक मुख्यमंत्री विकसित ग्राम-वार्ड अभियान का संचालन किया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत राज्य की सभी ग्राम पंचायतों और नगरीय वार्डों के लिए स्थानीय आकांक्षाओं के अनुरूप विकास का रोडमैप तैयार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता भी इस पहल में हिस्सा लेते हुए गांवों के विकास को लेकर सुझाव दे तथा अपनी सक्रिय भागीदारी निभाएं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि महिलाओं के सशक्त होने से ही देश-प्रदेश का विकास संभव है। हमारी सरकार द्वारा लखपति दीदी योजना के तहत प्रदेश में अब तक 16 लाख से अधिक लखपति दीदी बनाई गई है। साथ ही, इस वर्ष के बजट में लखपति दीदी योजना के तहत ऋण राशि को 1 लाख से बढ़ाकर 1.5 लाख रुपये का प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि दूध पर 5 रुपये प्रति लीटर के अनुदान के माध्यम से पशुपालन से जुड़ी महिलाओं को लाभ मिला है। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, मा वाउचर योजना सहित विभिन्न योजनाओं द्वारा महिलाओं का सशक्तीकरण हुआ है।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्रीमती दिया कुमारी ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता छोटे बच्चों के व्यक्तित्व निर्माण में बड़ी भूमिका निभाती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महिला सशक्तीकरण को नए आयाम दिए है। लखपति दीदी, सोलर दीदी, बैंक सखी जैसी योजनाओं से महिलाओं को आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में महिलाओं के उत्थान के लिए ऐतिहासिक निर्णय लिए गए हैं। राज्य सरकार महिलाओं की शिक्षा, कौशल, सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। इस दौरान मुख्यमंत्री ने आंगनबाड़ी केंद्रों में वर्ष भर आयोजित की जाने वाली गतिविधियों के वार्षिक कैलेंडर का भी विमोचन किया। इस दौरान महिला बाल विकास राज्यमंत्री मंजू बाघमार, शासन सचिव महिला एवं बाल विकास श्रीमती पूनम सहित विभिन्न अधिकारी एवं बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताएं एवं सहायिकाएं मौजूद रहीं।

# बच्चों में देरी से चलना-बैठना हो सकता है एसएमए का संकेत, समय पर जांच जरूरी



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। अगर आपका बच्चा बैठना या चलना देरी से शुरू करता है, उसके पैरों में हलचल कम होती है या उसे बार-बार निमोनिया हो रहा है तो इसे सामान्य समझकर नजरअंदाज करना भारी पड़ सकता है क्योंकि चिकित्सकों का मानना है कि ये संकेत एक गंभीर आनुवंशिक बीमारी 'स्पाइनल मस्कुलर एट्रोफी' (एसएमए) के हो सकते हैं। चिकित्सकों के अनुसार, चिंताजनक बात यह है कि अधिकतर अभिभावकों को इसका अंदाजा तब होता है, जब बीमारी गंभीर स्तर पर पहुंच चुकी होती है। राज्य की राजधानी जयपुर के सवाई मानसिंह (एसएमएस) अस्पताल में सात अप्रैल 2025 को मेडिकल जेनेटिक विभाग की स्थापना के बाद मात्र 12 महीने में ही एसएमए के 50 से अधिक मामले सामने आ चुके हैं।

एसएमएस अस्पताल के मेडिकल जेनेटिक विभाग के प्रोफेसर डॉ. प्रियांशु माथुर ने कहा, स्पाइनल मस्कुलर एट्रोफी अक्सर जन्म के समय दिखाई नहीं देती। बच्चा सामान्य लगता है, लेकिन जैसे-जैसे वह बड़ा होता है, उसके पैरों में कमजोरी आने लगती है। धीरे-धीरे पैरों की हलचल कम हो जाती है और बच्चा सामान्य बच्चों की तुलना में समय पर बैठना या चलना शुरू नहीं कर पाता।

उन्होंने कहा, एसएमए एक आनुवंशिक बीमारी है, जो मांसपेशियों को कमजोर कर देती है। यदि माता-पिता दोनों इस बीमारी के वाहक हैं, तो उनके बच्चे में इस बीमारी के होने का खतरा 25 प्रतिशत तक रहता है, भले ही माता-पिता में कोई लक्षण न हों। चिकित्सक के अनुसार, यदि किसी परिवार में पहले से कोई बच्चा इस बीमारी से पीड़ित है, तो भविष्य में इसकी पुनरावृत्ति रोकना सबसे महत्वपूर्ण है जिसके लिए गर्भधारण से पहले या शुरुआती गर्भावस्था में 'जेनेटिक टेस्टिंग' और परामर्श जरूरी है। माथुर ने कहा, घबराने की जरूरत नहीं है। अब इस बीमारी का इलाज संभव है और देश के विभिन्न चिकित्सा संस्थानों सहित एसएमएस अस्पताल में इसका उपचार उपलब्ध है। उन्होंने कहा, लेकिन जानकारी के अभाव में कई मरीज उपचार के लिए दिल्ली और मुंबई जैसे बड़े शहरों के चक्कर लगाते हैं।

उन्होंने कहा, सवाई मानसिंह अस्पताल में 'जेनेटिक टेस्टिंग' और परामर्श की सुविधा उपलब्ध है। इस बीमारी का दवाओं के साथ-साथ जीन थेरेपी जैसी उन्नत तकनीकों से भी उपचार किया जा रहा है।

माथुर ने कहा, विभिन्न भारतीय अध्ययनों के अनुसार, देश में लगभग हर 38 से 44 व्यक्तियों में से एक व्यक्ति एसएमए का वाहक हो सकता है। ऐसे में जागरूकता बेहद जरूरी है। इस बीमारी की समय पर पहचान और सही जानकारी ही इससे लड़ने का सबसे बड़ा हथियार है। सवाई मानसिंह अस्पताल से संबद्ध जेके लोन अस्पताल के अधीक्षक डॉ. आरएन सेहरा ने बताया कि एसएमए एक आनुवांशिक बीमारी है।

उनका कहना था कि ऐसे मरीज शत-प्रतिशत तो ठीक नहीं हो पाते हैं, लेकिन दवाओं से इन्हें काफी मदद मिलती है। उन्होंने बताया कि विशेष दवाओं से बीमारियों के दुष्परिणाम कम हो गए हैं। डा. सेहरा ने बताया कि साथ ही दवा और थैरेपी से कुछ हद तक मरीज बैठने और चलने तक लग जाते हैं जो पहले संभव नहीं था।



# राज्य में टाइप-1 डायबिटीज उपचार और सिकल सेल एनीमिया प्रबंधन को मिलेगी मजबूती

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राज्य सरकार प्रदेश में टाइप1 डायबिटीज के उपचार और सिकल सेल एनीमिया प्रबंधन को और सुदृढ़ करेगी। मुख्य सचिव श्री वी. श्रीनिवास की अध्यक्षता में सचिवालय में सोमवार को आयोजित बैठक में इस संबंध में चर्चा की गई। भारत सरकार के पूर्व स्वास्थ्य सचिव श्री राजेश भूषण (आईएएस सेवानिवृत्त), निदेशक कॉर्पोरेट अफेयर्स श्री दिवाकर मित्तल तथा नोवो नॉर्डिस्क संस्था के प्रतिनिधियों के साथ आयोजित बैठक में डायबिटीज, बच्चों में बढ़ता मोटापा तथा सिकल सेल एनीमिया के समग्र प्रबंधन के एकीकृत मॉडल पर विचार विमर्श किया गया। मुख्य सचिव ने राज्य में टाइप-1 डायबिटीज के प्रभावी प्रबंधन के लिए सेंटर ऑफ एक्सीलेंस तथा बांसवाड़ा, डूंगरपुर एवं प्रतापगढ़ जैसे जनजातीय जिलों में सिकल सेल एनीमिया कार्यक्रम को प्राथमिकता के साथ सुदृढ़ करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पीपीपी मोड पर काम करते हुए राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच एवं गुणवत्ता दोनों को बेहतर बनाया जा सकता है।

बैठक में टाइप1 डायबिटीज के प्रभावी उपचार के लिए प्रदेश में प्रारंभ किए गए नवाचार 'मिशन मधुहारी' को सुदृढ़ करने के लिए सार्वजनिक-निजी सहभागिता (पीपीपी) मॉडल पर कार्य करने की रूपरेखा भी प्रस्तुत की गई। साथ ही सिकल सेल एनीमिया के लिए हब एंड स्पोक मॉडल अपनाने पर चर्चा की गई। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की प्रमुख शासन सचिव श्रीमती गायत्री राठौड़ ने टाइप1 डायबिटीज के प्रभावी उपचार एवं सिकल सेल एनीमिया प्रबंधन की दिशा में चिकित्सा विभाग की ओर से किए गए प्रयासों की जानकारी दी। बैठक में मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन डॉ. अमित यादव, निदेशक (आरसीएच) डॉ. मधु रतेश्वर तथा नोवो नॉर्डिस्क इंडिया की ओर से मैनेजिंग डायरेक्टर श्री विक्रांत श्रोत्रिय मौजूद थे।

## सेवानिवृत्त शिक्षक दंपति की हत्या

जयपुर। राजस्थान के ब्यावर जिले में सेवानिवृत्त शिक्षक दंपति की रविवार को कथित तौर पर लोहे के सरिए से पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। ब्यावर के जिला पुलिस अधीक्षक रतन सिंह ने बताया कि इस मामले में दो नाबालिगों समेत चार लोगों को हिरासत में लिया गया है। उन्होंने बताया कि वारदात के समय विनोद कुमार शर्मा (68) और उनकी पत्नी पूर्णिमा शर्मा (65) घर पर अकेले थे। सॉफ्टवेयर इंजीनियर उनका बेटा नौकरी के सिलसिले में शहर से बाहर था। सिंह ने बताया कि इस घटना का पता रविवार रात तब चला, जब दंपति के घर से लगातार पानी बहता रहा।

# राजस्थान बार काउंसिल चुनाव के संबंध में उच्च स्तरीय निर्वाचन समिति की बैठक आयोजित

जयपुर। राजस्थान बार काउंसिल चुनाव 2026 के संबंध में सोमवार को शासन सचिवालय में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा गठित उच्च स्तरीय निर्वाचन समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास द्वारा की गई। इस बैठक में उच्च स्तरीय समिति के चेयरमैन सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश (सेवानिवृत्त) जे.आर. मिधा तथा सभी सदस्यों सहित उपस्थित रहे। साथ ही पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा, मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन, गृह विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव भास्कर ए. सावंत, नोडल ऑफिसर के रूप में विधि विभाग के प्रमुख शासन सचिव राघवेंद्र काछवाल, राज्य निर्वाचन आयोग के सचिव सुरेश वर्मा सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में हुई चर्चा के अनुसरण में मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि राजस्थान राज्य बार काउंसिल के चुनाव में राज्य सरकार द्वारा अपेक्षित सहयोग प्रदान किया जाएगा। मतदान प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए प्रत्येक पोलिंग बूथ पर एसडीओ रैंक के अधिकारी को बतौर को-ऑब्जर्वर नियुक्त किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, एक चुनाव प्रक्रिया से परिचित क्लेरिकल कर्मचारी तथा एक सहयोगी (चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी) भी उपलब्ध कराया जाएगा। मुख्य सचिव ने मतदान हेतु आवश्यक सभी व्यवस्थाएं समय पर पूर्ण करने तथा संबंधित अधिकारियों को समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश भी दिए गए।

पुलिस महानिदेशक शर्मा ने आश्वस्त किया कि बार काउंसिल ऑफ राजस्थान के आगामी चुनावों के लिए पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। इस संबंध में प्रमुख शासन सचिव, विधि को संबंधित अधिकारियों से आवश्यक पत्राचार करने के निर्देश प्रदान किए गए।



# जियो और जीने दो के जयकारों के साथ निकली भगवान महावीर की भव्य शोभायात्रा

दौसा । सकल जैन समाज, दौसा के तत्वावधान में जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी का जन्मकल्याणक महोत्सव सोमवार को श्रद्धापूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर शहर के प्रमुख मार्गों से भव्य शोभायात्रा निकाली गई और भगवान महावीर के सिद्धांतों पर चलने का संकल्प लिया गया। केसरिया और सफेद परिधानों में सजी भव्य शोभायात्रा जैन समाज के प्रवक्ता प्रतीक जैन ने बताया कि शोभायात्रा का शुभारंभ पुराने शहर स्थित पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर से हुआ।

शोभायात्रा में सबसे आगे धर्म ध्वजा लिए अश्व सवार युवक और पीछे अष्टकुमारियों की मनमोहक झांकी चल रही थी। श्रद्धालु 'जियो और जीने दो' तथा 'अहिंसा परमो धर्मः' की तख्तियां लिए चल रहे थे। विभिन्न सामाजिक संगठनों ने पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। यह यात्रा आदिनाथ जैन मंदिर पहुँचकर धर्मसभा में परिवर्तित हो गई। आदिनाथ जैन मंदिर में भगवान की पाषाण प्रतिमा का कलशाभिषेक किया गया। इस पावन अवसर पर भगवान को माला पहनाने का सौभाग्य नरेंद्र कुमार जैन (नीमला) परिवार को प्राप्त हुआ। श्रद्धालुओं ने भव्य पालना झुलाकर पुण्य लाभ अर्जित किया। महावीर जयंती के उपलक्ष्य में एक रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया, जिसका शुभारंभ प्रेमचंद जैन एवं विनय कुमार जैन (एडवोकेट) परिवार द्वारा किया गया। समाज के युवाओं और महिलाओं ने इसमें बढ़-चढ़कर भाग लिया। गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज की प्राचार्य और मुख्य अतिथि समिता जैन ने कहा कि महावीर स्वामी के सत्य और करुणा के संदेश आज के दौर में सर्वाधिक प्रासंगिक हैं। एक विशेष पहल के तहत, विश्व के विभिन्न हिस्सों में चल रही हिंसा में हताहत हुए निर्दोष लोगों की स्मृति में दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई और विश्व शांति की कामना की गई।

# सहकारी आंदोलन को मजबूत बनाने में अरबन बैकों की महत्वपूर्ण भूमिका

सीकर/ दक्षिण भारत। सीकर अरबन को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड के संचालक मंडल द्वारा सहकारिता मंत्री गौतम दक का स्वागत किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री दक ने बैंक प्रबंधन की सराहना करते हुए कहा कि सहकार की भावना के साथ कार्य करने से यह संस्था शहरी क्षेत्र में अग्रणी और प्रगतिशील भूमिका निभाएगी। उन्होंने सहकारी आंदोलन को मजबूत बनाने में अरबन बैंकों की महत्वपूर्ण भूमिका पर भी जोर दिया। इस अवसर पर बैंक अध्यक्ष डॉ. प्रदीप जोशी एवं संचालक मंडल के सदस्यों ने अतिथियों का साफा पहनाकर और माल्यार्पण कर स्वागत किया। डॉ.जोशी ने कहा कि सहकारिता मंत्री तथा जिले के सभी जनप्रतिनिधियों का मार्गदर्शन बैंक को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में सहायक सिद्ध होगा। कार्यक्रम में सैनिक कल्याण बोर्ड अध्यक्ष (राज्य मंत्री) प्रेम सिंह बाजोर, विधायक गोवर्धन वर्मा, विधायक सुभाष मील सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।



# बीसलपुर-जयपुर पेयजल परियोजनाः रखरखाव कार्य निर्धारित समय से पहले पूर्ण

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। जलदाय मंत्री कन्हैया लाल के कुशल नेतृत्व में जलदाय विभाग की टीम ने बीसलपुर-जयपुर पेयजल परियोजना के अंतर्गत प्रस्तावित रखरखाव कार्य को निर्धारित शटडाउन अवधि से पहले ही सफलतापूर्वक पूर्ण कर एक उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। अतिरिक्त मुख्य अभियंता क्षेत्र द्वितीय जयपुर अजय सिंह राठौड़ ने बताया कि विभाग द्वारा 28 मार्च 2026 को रात्रि 8:00 बजे से 29 मार्च 2026 को रात्रि 8:00 बजे तक आवश्यक रखरखाव कार्यों हेतु शटडाउन प्रस्तावित किया गया था। पूर्व निर्धारित कार्य योजना के अनुसार सभी कार्यों को समयबद्ध तरीके से निष्पादित किया गया, जिसके परिणामस्वरूप कार्य निर्धारित समय से पहले ही पूर्ण कर लिया गया।

सभी कार्य समय पर पूर्ण होने के बाद 29 मार्च को दोपहर 2:30 बजे बीसलपुर इनटेक पम्प हाउस से पम्प संचालन प्रारंभ कर दिया गया। इसके पश्चात सूरजपुरा फिल्टर प्लांट से जल शोधन कर शाम 4:50 बजे जयपुर शहर हेतु पेयजल पंपिंग आरम्भ कर दी गई है। एवं रात्रि 9 बजे पेयजल जयपुर स्थित बालाबाला पम्पहाउस पर पहुंच गया।

# राजस्थान रॉयल्स से जुड़ने के बाद मेरा लक्ष्य पावरप्ले का फायदा उठाने का था : सूर्यवंशी




दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के बीते सत्र में ऐतिहासिक पदार्पण के बाद राजस्थान रॉयल्स के उभरते हुए प्रतिभाशाली बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी का मौजूदा सत्र में लक्ष्य गेंदबाजों पर हावी होकर पावरप्ले में दबदबा कायम करना है। इस 15 साल के बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज ने पिछले सत्र में सात मैचों में 252 रन बनाए थे। इसमें 35 गेंदों में जड़ा गया तूफानी शतक और 200 से अधिक का स्ट्राइक रेट शामिल था। इस तरह के आंकड़ों ने उन्हें भारतीय क्रिकेट का बड़ा सितारा बना दिया। सूर्यवंशी का मानना है कि पावरप्ले में आक्रामक शुरुआत करने के बाद अब उनका लक्ष्य अपने विकेट की कीमत समझते हुए टीम का स्कोर 200 के पार पहुंचाना है, ताकि विरोधी टीम के लिए लक्ष्य का पीछा करना मुश्किल हो जाए। उन्होंने 'जियोस्टार' से कहा, जब मेरा चयन हुआ, तो मेरा एकमात्र लक्ष्य टीम को अच्छी शुरुआत देना था। मैं पावरप्ले में अपना स्वाभाविक खेल खेलना चाहता था और अगर अच्छी शुरुआत मिलती, तो विकेट बचाते हुए लंबी पारी खेलना चाहता था। उन्होंने कहा, मुझे पता था कि अगर मैं अपने शॉट्स सही से खेलता रहूं, तो मैच का रुख पलट सकता है क्योंकि 200 से अधिक रन का पीछा करना किसी भी टीम के लिए आसान नहीं होता। इस सत्र में हमारा लक्ष्य ट्रॉफी जीतना है। अगर हम ट्रॉफी जीतते हैं तो मेरा और टीम का प्रदर्शन अपने आप चर्चा में आ जाएगा और यही सबसे अहम है।

आईपीएल में सबसे कम उम्र में पदार्पण करने वाले खिलाड़ी सूर्यवंशी ने इसी साल अंडर-19 विश्व कप फाइनल में 175 रनों की धमाकेदार पारी भी खेली थी। सूर्यवंशी ने यह भी बताया कि बचपन में जिन दो खिलाड़ियों से वह सबसे ज्यादा प्रेरित हुए, वे वेस्टइंडीज के दिग्गज ब्रायन लारा और भारत के विश्व कप विजेता स्टार युवराज सिंह हैं। लारा अपनी मैच जिताऊ टेस्ट पारियों के लिए मशहूर रहे, वहीं युवराज सिंह अपने बेखौफ शॉट्स से गेंदबाज़ों की धज्जियां उड़ाने के लिए जाने जाते हैं।

उन्होंने कहा, मैंने ब्रायन लारा और युवराज सिंह, दोनों को अकेले दम पर मैच खत्म करते देखा है। अगर वे क्रीज पर टिक जाते थे तो विरोधी टीम के लिए वापसी का कोई मौका नहीं होता था। मुझे उनकी यही बात सबसे ज्यादा पसंद आई। सूर्यवंशी के बचपन के कोच मनीष ओझा ने बताया कि अकादमी में आने के समय उनकी सबसे खास बात उनका निडर, आक्रामक रुख और बेहतरीन टाइमिंग थी।

उन्होंने कहा, 2018 में जब वह अकादमी में आए, तभी साफ था कि उनमें प्रतिभा और क्रिकेट के प्रति गहरा जुनून है। उन्हें बल्लेबाजी के दौरान आक्रामक खेल पसंद था और उनकी टाइमिंग शानदार थी। हर सत्र में वह 400-500 गेंदें खेलते थे और तब तक नहीं रुकते थे, जब तक मैं उन्हें ब्रेक नहीं दूं।

RNI No. 58061/93 ▪ वर्ष - 21 ▪ अंक - 240 ▪ पृष्ठ - 8 ▪ रु. 5/- बेंगलूरु » मंगलवार » 31-03-2026 ▪ www.dakshinbharat.com ▪ Email : news@dakshinbharat.com



# दक्षिण भारत राष्ट्रमत

ದಕ್ಷಿಣ ಭಾರತ ರಾಷ್ಟ್ರಮತ | ಹಿಂದಿ ದಿನ ಪತ್ರಿಕೆ | बेंगलूरु और चेन्नई से एक साथ प्रकाशित



5 कांग्रेस ने बांग्लादेशी घुसपैठियों को देश में प्रवेश की अनुमति दी : नितिन नवीन

6 युगों-युगों तक मार्गदर्शन करती रहेगी भगवान महावीर की वाणी

7 किसी को प्रभावित करने की कोशिश मत करो : कंगना रनौत

## फर्स्ट टेक

### लेबनान में 24 घंटे में तीन शांति सैनिकों की मौत : संयुक्त राष्ट्र

दुबई, 30 मार्च (एपी) दक्षिणी लेबनान में संयुक्त राष्ट्र के शांतिरक्षा मिशन ने कहा है कि 24 घंटे से भी कम समय में तीन शांति सैनिकों की मौत हो गई। इजराइल दक्षिणी लेबनान में ईरान समर्थित हिजबुल्लाह आतंकवादी समूह से लड़ रहा है। लेबनान में संयुक्त राष्ट्र अंतरिम बल (यूएनआईएफआईएल) नामक शांतिरक्षा मिशन ने यह नहीं बताया कि किन घटनाओं में इन शांति सैनिकों की मौत हुई या इसके लिए कौन जिम्मेदार है।

### ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम एक अप्रैल से लागू होंगे: मंत्री

**नई दिल्ली/भाषा।** सरकार ने सोमवार को लोकसभा में कहा कि ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2026 आगामी एक अप्रैल से लागू होंगे। केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने एक लिखित प्रश्न के उत्तर में यह जानकारी दी। बीते 27 जनवरी को अधिसूचित, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2026, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 का स्थान लेने वाले हैं। सिंह ने कहा, ''संशोधित नियम एक अप्रैल से लागू होंगे।'' ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2026, कचरे का 'गीला कचरा, सूखा कचरा, सैनिटरी कचरा और विशेष देखभाल वाले कचरे' के रूप में चार तरह का पृथक्करण करते हैं। सिंह ने कहा, ये नियम कचरे का संग्रह, परिवहन, प्रसंस्करण और निपटान सहित एक केंद्रीकृत ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के सभी चरणों की ऑनलाइन ट्रैकिंग और निगरानी को भी संचालित करते हैं।''

### दक्षिण सूडान में अज्ञात बंदूकधारियों ने 70 से अधिक लोगों की हत्या की

**जुबा/एपी।** अफ्रीकी देश दक्षिण सूडान की राजधानी जुबा के बाहरी इलाके में सोने की खदान को लेकर हुए विवाद में अज्ञात बंदूकधारियों ने 70 से अधिक लोगों की हत्या कर दी। पुलिस प्रवक्ता ने सोमवार को यह जानकारी दी। घटना का कथित वीडियो प्रसारित हुआ है, जिसमें एक खुले मैदान में दर्जनों शव दिखाई दे रहे हैं। एक स्थानीय पत्रकार ने बताया कि माना जा रहा है कि कई अन्य पीड़ित झाड़ियों में भाग गए हैं। सूडान के राज्य जेबेल इराक में स्थित सोने की खदान को लेकर पूर्व में भी अवैध खनिकों और खनन कंपनियों के बीच हिंसक झड़पें हुई थीं। पुलिस प्रवक्ता क्रासीजवोक डोमिनिक अमोण्डोक ने बताया कि जैसे ही उन्हें हमले के बारे में विस्तृत जानकारी मिलेगी, वह उसे साझा करेंगे।

| | |
|---|---|
| 31-03-2026 सूर्यास्त 6:31 बजे | 01-04-2026 सूर्योदय 6:16 बजे |
| BSE 71,947.55 (-1,635.67) | NSE 22,331.40 (-488.20) |
| सोना 15,372 रु. (24 कैरेट) प्रति ग्राम | चांदी 238,610 रु. प्रति किलो |

**बेंगलूरु करगा उत्सव**



सोमवार को धर्मराय स्वामी मंदिर से निकले बेंगलूरु करगा उत्सव के दौरान महिलाएं कलश आरती के साथ धार्मिक अनुष्ठान करती हुईं।

# घुसपैठ केवल चुनावी मुद्दा नहीं, अस्मिता की रक्षा और राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा विषय : मोदी

- पहली बार वोट देने वाले और युवा मतदाताओं को पिछली कांग्रेस सरकारों के कुशासन के बारे में याद दिलाने की जरूरत है
- जहां-जहां घुसपैठिए बसते हैं, वे छोटे व्यवसायों और स्थानीय निवासियों की आजीविका पर कब्जा कर लेते हैं।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कांग्रेस पर घुसपैठियों को जमीन कब्जाने की अनुमति देने का आरोप लगाते हुए सोमवार को कहा कि असम में घुसपैठ केवल चुनावी मुद्दा नहीं है, बल्कि यह राज्य की अस्मिता की रक्षा और राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा विषय है।

नौ अप्रैल को होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले असम में भाजपा के बूथ स्तरीय कार्यकर्ताओं को डिजिटल माध्यम से संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि राज्य ने लंबे समय तक अस्थिरता का दौर देखा, लेकिन पिछले एक दशक में स्थिति बदली है क्योंकि भाजपा की डबल-इंजन सरकार ने राज्य में शांति सुनिश्चित करने के लिए हरसंभव प्रयास किया।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि पहली बार वोट देने वाले और युवा मतदाताओं को असम में पिछली कांग्रेस सरकारों के कुशासन के बारे में याद दिलाने की जरूरत है और उन्हें आगाह करना चाहिए कि सबसे छोटी गलती भी राज्य को पीछे धकेल सकती है। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता राज्य में पार्टी की जीत की हैट्रिक सुनिश्चित करने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं।

मोदी ने कहा, घुसपैठ सिर्फ चुनावी मुद्दा नहीं है। यह असम की पहचान और राष्ट्रीय सुरक्षा की रक्षा का विषय है। कांग्रेस ने घुसपैठियों को अवैध तरीके से भूमि कब्जाने की अनुमति दी। उन्होंने आरोप लगाया कि जहां-जहां घुसपैठिए बसते हैं, वे छोटे व्यवसायों और स्थानीय निवासियों की आजीविका पर कब्जा कर लेते हैं।

'मेरा बूथ, सबसे मजबूत संवाद' कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं को अवैध भूमि कब्जाने के मामलों और स्थानीय निवासियों की समस्याओं के बारे में पूरी जानकारी होनी चाहिए।

# नक्सलियों के साथ रहते-रहते कांग्रेस के नेता खुद नक्सलवादी बन गए : शाह

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को लोकसभा में कांग्रेस और सदन में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर करार प्रहार करते हुए आरोप लगाया कि नक्सलियों के साथ रहते-रहते ''एक पार्टी'' के नेता खुद नक्सलवादी बन गए। शाह ने देश को वामपंथी उग्रवाद से मुक्त किए जाने के मुद्दे पर सदन में हुई चर्चा का जवाब देते हुए राहुल गांधी पर नक्सलियों का समर्थन करने का आरोप लगाया।

गृह मंत्री ने कहा, ''राहुल गांधी जी अपने लंबे राजनीतिक करियर में कई बार नक्सलियों और उनके हमदर्दों के साथ देखे गए हैं। भारत जोड़ो यात्रा में कई नक्सल फ्रंटल संगठन ने हिस्सा लिया, जिसका रिकॉर्ड भी है।'' उन्होंने दावा किया कि 2010 में ओडिशा में लाडो शिकोका के साथ राहुल ने मंच साझा किया और शिकोका ने उसी मंच से भड़काऊ भाषण दिया तथा उन्हें माला भी पहनाई।

उन्होंने यह भी दावा किया कि 2018 में हैदराबाद में, राहुल ने जी वी राव से मुलाकात की, जो (नक्सल) विचाराधारा के करीब थे तथा मई 2025 में शांति समन्वय समिति (सीसीपी) के सदस्यों से मुलाकात की।

विपक्षी सदस्यों के शोरगुल के बीच शाह ने कहा, ''172 जवानों को मारने वाला (माड़वी) हिडमा जब मारा गया, तो इंडिया गेट पर नारे लगे कि कितने हिडमा मारेगो, हर घर से हिडमा निकलेगा।'' उन्होंने कहा कि इससे संबंधित वीडियो को राहुल गांधी ने स्वयं ट्वीट किया था और ऐसे में वह कैसे बच सकते हैं। शाह ने कांगेस पर निशाना साधते हुए कहा कि इन्होंने 1970 से लेकर मार्च 2026 तक नक्सलाद और नरसंहार का समर्थन किया है। उन्होंने कहा, ''जो 20 हजार लोग मारे गए, उसका कोई दोषी है तो वह कांग्रेस की वामपंथी विचारधारा है...।''

### बेंगलूरुः आईपीएल मैच के दौरान 25 मोबाइल हुए गायब

**बेंगलूरु/भाषा।** बेंगलूरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में आईपीएल मैच के दौरान मोबाइल फोन गुम होने की 25 शिकायतें मिलने के बाद पुलिस ने सोमवार को जांच शुरू की। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह घटना 28 मार्च को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलूरु और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के उद्घाटन मैच के दौरान हुई।

पुलिस ने बताया कि सोशल मीडिया पर साझा किए गए एक वीडियो में एक व्यक्ति द्वारा इस मुद्दे को उठाए जाने के बाद यह मामला सामने आया। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया, मैच के दौरान फोन खो जाने के संबंध में अब तक 25 लोगों से शिकायतें मिली हैं। संभावना है कि फोन या तो चोरी हो गए हों या स्टेडियम के बाहर कहीं खो गए हों। पीड़ितों को परिसर में प्रवेश करने के बाद ही इसका पता चला हो।

**सूर्यवंशी के ताबड़तोड़ अर्धशतक से**

# राजस्थान रॉयल्स ने चेन्नई सुपरकिंग्स को रौंदा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**गुवाहाटी/भाषा।** नंद्रे बर्गर (26 रन पर दो विकेट) की अगुवाई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद हाल ही में अपना 15वां जन्मदिन मनाने वाले वैभव सूर्यवंशी की ताबड़तोड़ अर्धशतकीय पारी के बूते राजस्थान रॉयल्स ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टी20 मैच में सोमवार को यहां चेन्नई सुपरकिंग्स को 47 गेंद शेष रहते आठ विकेट से रौंदकर अपने अभियान का बेहतरीन तरीके से आगाज किया।

जैमी ओवरटन की 36 गेंदों में 43 रन की पारी के बावजूद चेन्नई सुपरकिंग्स की टीम 19.4 ओवर में 127 रन पर आउट हो गई। मैन ऑफ द मैच बर्गर, जोफ्रा आर्चर, रविंद्र जडेजा ने दो-दो विकेट लेकर राजस्थान की ओर से शानदार गेंदबाजी का प्रदर्शन किया।

सूर्यवंशी ने 17 गेंदों की पारी में चार चौकों और पांच छक्कों की मदद से 52 रन बनाए, जिससे जीत के लिए मिले 128 रन के लक्ष्य को राजस्थान रॉयल्स ने 12.1 ओवर में दो विकेट पर हासिल कर लिया। यह मैच में बची हुई गेंदों के लिहाज से राजस्थान की सबसे बड़ी जीत है।

सूर्यवंशी ने अपना अर्धशतक महज 15 गेंदों में पूरा कर अपने 15वें जन्मदिन के तीन दिन बाद खुद को शानदार तोहफा दिया। उन्हें यशस्वी जायसवाल का अच्छा साथ मिला। दोनों ने महज 38 गेंदों में 75 रन की साझेदारी कर पावरप्ले में ही टीम की जीत लगभग पक्की कर दी थी।

अंशुल कंबोज ने चेन्नई के लिए दो विकेट लिए, लेकिन यह राजस्थान की तूफानी बल्लेबाजी को रोकने के लिए काफी नहीं था।

लक्ष्य का पीछा करते हुए सूर्यवंशी ने मैट हेनरी का स्वागत चौके और छक्के से करने के बाद उनके अगले ओवर में एक और छक्का जड़कर आक्रामक तेवर दिखाए।

### भारत के लिए तेल, गैस ला रहे 19 जहाज होर्मुज जलडमरूमध्य में फंसे

**नई दिल्ली/भाषा।** पश्चिम एशिया में बढ़ते संघर्ष के कारण भारत के लिए एलपीजी, कच्चे तेल और एलएनजी ला रहे 19 जहाज होर्मुज जलडमरूमध्य में फंसे हुए हैं। पश्चिम एशिया में हो रही घटनाक्रमों के प्रभावों पर विभिन्न मंत्रालयों के अधिकारियों के संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में बंदरगाह, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय के विशेष सचिव राजेश कुमार सिन्हा ने बताया कि भारत के लिए ऊर्जा सामग्री ला रहे 10 विदेशी झंडे वाले जहाज वर्तमान में फंसे हुए हैं।

इनमें एलपीजी ला रहे तीन जहाज, कच्चे तेल के चार टैंकर और तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) के तीन जहाज शामिल हैं। इनके अलावा, भारतीय ध्वज वाले जहाज भी हैं। इनमें एलपीजी के तीन टैंकर, एक एलएनजी वाहक और कच्चे तेल के चार टैंकर शामिल हैं। एक खाली टैंकर में एलपीजी भरी जा रही है। पश्चिम एशिया में बढ़ते संघर्ष के बीच संकरे जलडमरूमध्य में फंसे लगभग 500 जहाजों में ये जहाज भी शामिल हैं।

अब तक, भारतीय ध्वज वाले आठ जहाज सुरक्षित रूप से निकल चुके हैं। इनमें दो एलपीजी वाहक पोत, बीडब्ल्यू टीवाईआर और बीडब्ल्यू ईएलएम शामिल हैं, जिनमें लगभग 94,000 टन एलपीजी का संयुक्त कार्गो है। ये पोत पिछले कुछ दिनों में युद्धग्रस्त क्षेत्र से सुरक्षित रूप से निकल चुके हैं।

**रोडशो**



तमिलनाडु के उपमुख्यमंत्री उदयनिधि स्टालिन सोमवार को राज्य विधानसभा चुनाव से पहले कांचीपुरम में डीएमके उम्मीदवार नित्या सुकुमार के समर्थन में आयोजित रोडशो के दौरान समर्थकों का अभिवादन करते हुए।

**दिल्ली के गाजीपुर से**

# लश्कर-ए-तैयबा का संदिग्ध आतंकी गिरफ्तार : पुलिस

**नई दिल्ली/भाषा।** दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ ने गाजीपुर इलाके से लश्कर-ए-तैयबा के एक संदिग्ध आतंकी शब्बीर अहमद लोन को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने लोन को कट्टर और उच्च प्रशिक्षित आतंकवादी करार देते हुए कहा कि उसने कथित तौर पर पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी 'इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस' (आईएसआई) की ओर से काम करने वाले आकाओं के साथ संबंध स्थापित किए थे। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया, राजा और कश्मीरी जैसे उपनामों से जाने जाने वाला लोन जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर का निवासी है। वह कथित तौर पर उस मॉड्यूल के आका के रूप में काम कर रहा था, जिसका हाल में दिल्ली और कोलकाता के कई स्थानों पर राष्ट्रविरोधी पोस्टर लगाने के मामले में भंड़ाफोड़ किया गया था।

अधिकारी के अनुसार, विशेष प्रकोष्ठ की नई दिल्ली रेंज की एक टीम ने रविवार रात गाजीपुर इलाके से शब्बीर अहमद लोन को गिरफ्तार किया।

अधिकारी ने बताया कि लोन उस लश्कर मॉड्यूल के सिलसिले में वांछित था, जो हाल में मेट्रो स्टेशनों के पास पोस्टर लगाने के मामले में शामिल था।

मिशन मंडेला
दक्षिण भारत राष्ट्रमत
दक्षिण भारत का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक
epaper.dakshinbharat.com



कैलाश मण्डेला, मो. 9828233434


### निशानेबाज

दूजों का घर चले फूंकने,
खुद का हाथ जला बैठे।
छलने चले दूसरों को जो,
किस्मत स्वयं छला बैठे।
आँच नहीं जिनके चूल्हे में,
अपनी दाल गला बैठे।
जिनके नहीं निशाने पक्के,
वे भी तीर चला बैठे।।

# जनगणना का पहला चरण 16 अप्रैल से 15 मई तक होगा : जनगणना आयुक्त

**व्यक्तिगत डेटा गोपनीय रहेगा, किसी योजना का लाभ लेने के लिए इस्तेमाल नहीं होगा**

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** महापंजीयक और जनगणना आयुक्त मृत्युंजय कुमार नारायण ने सोमवार को लोगों से जनगणना करने वालों को सही जानकारी देने की अपील करते हुए आश्वस्त किया कि व्यक्तिगत डेटा गोपनीय रहेगा तथा इसे किसी साक्ष्य या किसी योजना का लाभ लेने के लिए इस्तेमाल नहीं किया जा सकता। दिल्ली समेत देश के कुछ राज्यों में अप्रैल में 16वीं जनगणना का पहला चरण शुरू होने से पहले नारायण ने यहां संवादाता सम्मेलन में कहा कि जनगणना अधिनियम की धारा 15 के तहत सभी व्यक्तिगत जानकारी गोपनीय रहती है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में जनगणना का पहला चरण 16 अप्रैल से 15 मई तक होगा।

उन्होंने कहा, जनगणना के दौरान एकत्र किया गया सभी व्यक्तिगत डेटा गोपनीय रहता है। इसे सूचना के अधिकार अधिनियम (आरटीआई) के तहत किसी भी सरकारी या गैर सरकारी संगठन के साथ साझा नहीं किया सकता है। इसे अदालत में साक्ष्य के रूप में उपयोग भी नहीं किया जा सकता है । उन्होंने कहा कि सांख्यिकीय डेटा का उपयोग केवल सारणीबद्ध करने के लिए किया जाएगा।

# भारत के लोग जानते हैं कि प्रधानमंत्री ने भारत के भविष्य को 'सरेंडर' किया : राहुल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपए की कीमत में गिरावट और एलपीजी के कथित संकट को लेकर सोमवार को दावा किया कि सभी भारतीय नागरिक जानते हैं कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत के भविष्य को 'सरेंडर' कर दिया है।

रुपया सोमवार को दिन में कारोबार के दौरान अमेरिका मुद्रा के मुकाबले 95 के स्तर को पार कर गया और अंत में 94.78 (अस्थायी) रुपए प्रति डॉलर के स्तर पर रहा।

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा कि रुपया डॉलर के मुकाबले 95 से 100 की तरफ बढ़ रहा है, शेयर बाजार धाराशायी हो चुका है, अर्थव्यवस्था ढह गई, नौकरियां चली गईं, आय गिर रही, बचत खत्म हो गई और सिलेंडर उपलब्ध नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया, ''ऐसा क्यों? प्रधानमंत्री ने समझौता कर लिया है।''

राहुल गांधी ने दावा किया कि प्रधानमंत्री मोदी अपनी और अपने वित्तीय ढांचे की रक्षा करने के लिए बेताब हैं, लेकिन 140 करोड़ भारतीय जानते हैं कि प्रधानमंत्री मोदी ने भारत के भविष्य को 'सरेंडर' कर दिया है।

## सुविचार

**मातृभाषा का सम्मान करना अपनी जड़ों से जुड़ने जैसा है। जो अपनी भाषा और संस्कृति भूल जाता है, वह अपनी पहचान खो देता है।**

### दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# पाखंड का खेल कब तक?

महाराष्ट्र में कई महिलाओं से दुष्कर्म के आरोप में गिरफ्तार कर पुलिस हिरासत में भेजे गए एक ढोंगी बाबा के कारनामे जानकर हैरानी होती है। देश में ये कैसे कपटधंधे चल रहे हैं? एक शख्स आस्था के नाम पर वर्षों से जघन्य अपराध करता रहा और लोग उसके चरण छूते रहे! मामले की गंभीरता इस बात से समझी जा सकती है कि विशेष जांच दल (एसआईटी) को फोन पर 100 से ज्यादा शिकायतें मिली हैं। हमारे देश में साधु-संतों का बहुत आदर किया जाता है। धर्म और ज्योतिष के ज्ञाता बहुत सम्मान पाते हैं। लोग उनसे मार्गदर्शन लेते हैं। यह अच्छी बात है। समस्या तब पैदा होती है, जब कोई व्यक्ति थोड़ी-सी सफलता मिलते ही खुद को सर्वशक्तिमान समझने लगता है। वह खुद को नियम और नैतिकता से ऊपर मान लेता है। वह मनमानी करने लगता है और देर-सबेर अपयश एवं दंड का भागी बनता है। इसमें कुछ दोष लोगों का भी होता है। वे ईश्वर से ज्यादा ऐसे पाखंडियों पर विश्वास करने लगते हैं। वे अपने कर्म और परिश्रम को एक ओर रखकर इन लोगों की स्तुति को ही भक्ति समझने लगते हैं। राजस्थानी में बहुत मशहूर कहावत है- 'पाणी पीओ छाण, गुरु बणाओ जाण' अर्थात पानी पीना हो तो उसे पहले छानें, ताकि वह स्वच्छ हो जाए और किसी को गुरु बनाना हो तो उसे पहले जानें, परखें। यदि उसमें उचित गुण पाएं तो ही उसे गुरु स्वीकार करें। जो बड़े-बड़े चमत्कार दिखाने का दावा करे, खुद की शक्तियों का बखान करता फिरे, अपने दम पर कुछ भी कर दिखाने की डींगें हांकता रहे, अनैतिक गतिविधियों में लिप्त रहे और ज्यादा से ज्यादा धन इकट्ठा करने में रुचि ले, उससे दूर रहने में कल्याण है। दुर्भाग्य से, ऐसे पाखंडी व्यक्ति आम जनता को अपनी ओर आकर्षित करने में सफल हो जाते हैं।

लोग उनके जाल में फंसकर बहुत कुछ गंवाते हैं। उनकी आंखें तब खुलती हैं, जब काफी देर हो जाती है। हाल में उत्तर प्रदेश में एक ऐसे ढोंगी शख्स को गिरफ्तार किया गया, जो धनवर्षा कराने का झांसा देता था। उसने कई लोगों से यह कहकर लाखों रुपए ठगे थे कि इससे दुगुनी राशि की वर्षा करा दूंगा। जब लोगों ने उससे रुपए मांगे तो उन्हें भस्म करने की धमकी दी। एक शख्स खुद को कई सिद्धियों का स्वामी बताकर लोगों की समस्याएं दूर करने का दावा करता था। एक दंपति, जो अपनी आर्थिक समस्याओं से बहुत परेशान था, ने उससे संपर्क किया। उस व्यक्ति ने विशेष पूजा के नाम पर हजारों रुपए लिए और गायब हो गया। राजस्थान में एक व्यक्ति अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर ऐसे ही दावे करता था। एक महिला ने उससे संपर्क किया। उस व्यक्ति ने सोना-चांदी के सारे जेवरात लाने के लिए कहा। महिला ने जेवरात उसके सामने रख दिए। फिर, उसने प्रसाद के नाम पर कोई नशीली चीज खिलाई और सारा माल लेकर भाग गया। झारखंड में एक व्यक्ति ने भूत-प्रेत का साया दूर करने के नाम पर कई लोगों को लाखों का चूना लगा दिया। इसी तरह, पश्चिम बंगाल में एक व्यक्ति पहले तो कुंडली दोष का भय दिखाता, उसके बाद दोष निवारण के नाम पर रुपए वसूलता था। एक बार उसका सामना ज्योतिष के किसी विद्वान से हुआ। लोगों को यह जानकर आश्चर्य हुआ कि उस व्यक्ति को ज्योतिष का कोई ज्ञान नहीं था। उसने चार-पांच बातें रट रखी थीं और उन्हें ही थोड़ा-बहुत बदल कर लोगों को अपने जाल में फंसा लेता था। इससे वह हर महीने अच्छी-खासी कमाई करता था। जब तक लोग ईश्वर और अपने परिश्रम के बजाय ऐसे पाखंडियों पर विश्वास करते रहेंगे, इनका धंधा चलता रहेगा। भलाई इसी में है कि लोग इनके झांसे में बिल्कुल न आएं और अपने काम पर ध्यान दें।

## ट्वीटर टॉक



आज दिल्ली स्थित निवास पर गोवा सरकार में मंत्री श्री रमेश तावड़कर जी ने शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर समसामयिक राजनीतिक, सामाजिक एवं जनहित से जुड़े विषयों पर विस्तृत और सार्थक चर्चा हुई।

**-अर्जुनराम मेघवाल**



भाजपा राजस्थान कार्यसमिति सदस्य एवं पूर्व प्रदेश मंत्री श्रीमती सरोज प्रजापत जी के निधन का समाचार अत्यंत दु:खद है। ईश्वर दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करें तथा शोकाकुल परिजनों को यह अपार दु:ख सहन करने की शक्ति दें।

**-दिया कुमारी**



भगवान महावीर स्वामी जी की जयंती के पावन अवसर पर सभी को हार्दिक शुभकामनाएँ। जैन धर्म के महान तीर्थंकर, प्रभु महावीर स्वामी ने सत्य, अहिंसा, अपरिग्रह, करुणा और क्षमा के माध्यम से मानवता को एक उच्च आदर्श मार्ग प्रदान किया है।

**-वसुंधरा राजे**

## प्रेरक प्रसंग

# रोटी और हक

एक राजा ने विद्वानों से अनेक विषयों पर चर्चा की। प्रसंगवश 'अधिकार की रोटी' की बात आ गई। राजा ने पूछा, 'स्वामीजी, अधिकार की रोटी क्या होती है?' ब्राह्मण ने उत्तर दिया, 'राजन, तुम्हारे नगर में एक स्थान पर एक बूढ़ी महिला रहती है। वही इसका सही उत्तर दे सकती है।' वह एक झोपड़ी में बैठी चरखे पर सूत कात रही थी। राजा बोला, 'माई, अधिकार की रोटी क्या होती है? मैं आपसे इसका उत्तर जानने आया हूं।' बूढ़ी महिला ने कहा, 'मेरे पास एक रोटी है। उसमें आधी अधिकार की है और आधी बिना अधिकार की।' राजा ने आश्चर्य से पूछा, 'यह आप क्या कह रही हैं?' बूढ़ी महिला बोली, 'एक दिन मैं यहीं बैठी सूत कात रही थी। कातते-कातते शाम हो गई और अंधेरा छा गया। तभी यहां से एक जुलूस गुजरा, जिसमें मशालें जल रही थीं। मैंने अपना दीपक नहीं जलाया और उन्हीं मशालों की रोशनी में कुछ देर और सूत कातती रही। आधा सूत मैं पहले ही कात चुकी थी। बाद में उस सूत को बेचकर आटा खरीदा और रोटी बनाई। इस प्रकार आधी रोटी मेरे अधिकार की है, और आधी पर मेरा अधिकार नहीं है, क्योंकि वह दूसरों की रोशनी में काती गई थी।'

## सामयिक

# युगों-युगों तक मार्गदर्शन करती रहेगी भगवान महावीर की वाणी

योगेश कुमार गोयल
मोबाइल : 9416740584.



**महावीर स्वामी ने समानता और मानवता का भी अद्वितीय संदेश दिया। उन्होंने यह स्पष्ट किया कि जन्म से नहीं बल्कि कर्म से व्यक्ति महान बनता है। यदि कोई उच्च कुल में जन्म लेकर भी बुरे कर्म करता है तो वह श्रेष्ठ नहीं हो सकता जबकि निम्न कुल में जन्म लेने वाला व्यक्ति यदि सदाचार और सद्विचार अपनाता है तो वह सम्मान का अधिकारी है। यह विचार सामाजिक समरसता और समानता की नींव को मजबूत करता है।**

'अहिंसा परमो धर्मः' का अमर संदेश देने वाले भगवान महावीर का जीवन और दर्शन आज के अशांत, तनावग्रस्त और संघर्षपूर्ण समय में पहले से कहीं अधिक प्रासंगिक हो उठा है। आधुनिक युग में मनुष्य प्रगति की अंधी दौड़ में नैतिक मूल्यों से दूर होता जा रहा है। स्वार्थ, लोभ और प्रतिस्पर्धा ने उसे इस हद तक प्रभावित कर दिया है कि वह अपने हित के लिए हिंसा और अनैतिकता को भी उचित ठहराने लगा है। ऐसे समय में महावीर स्वामी का अहिंसा, संयम और करुणा पर आधारित दर्शन मानवता को एक नई दिशा देता है और उसे आत्ममंथन के लिए प्रेरित करता है।

भगवान महावीर ने अपने जीवन के माध्यम से यह स्पष्ट किया कि प्रत्येक जीव समान है और हर प्राणी में आत्मा का वास है। उन्होंने जीओ और जीने दो' का जो सिद्धांत दिया, वह केवल एक नैतिक उपदेश नहीं बल्कि संपूर्ण जीवन दर्शन है। यह हमें सिखाता है कि हम अपने व्यवहार और आचरण में ऐसी संवेदनशीलता विकसित करें, जिससे किसी भी प्राणी को कष्ट न पहुंचे। उनका यह विचार कि पेड़-पौधे, जल, वायु और अग्नि तक में जीवन है, आज के पर्यावरणीय संकट के संदर्भ में अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाता है। जब पृथ्वी प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन और जैव विविधता के संकट से जूझ रही है, तब महावीर का यह संदेश हमें प्रकृति के प्रति संवेदनशील बनने का आह्वान करता है।

महावीर स्वामी ने कर्म के सिद्धांत को भी अत्यंत स्पष्टता से समझाया। उनका मानना था कि मनुष्य स्वयं अपने कर्मों के लिए जिम्मेदार है और वही उसके भविष्य का निर्धारण करते हैं। कोई भी व्यक्ति अपने कर्मों से बच नहीं सकता। जो जैसा करता है, वैसा ही फल प्राप्त करता है। यह सिद्धांत न केवल आध्यात्मिक दृष्टि से बल्कि सामाजिक और नैतिक दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है क्योंकि यह मनुष्य को उत्तरदायित्व और सजगता का बोध कराता है।

उन्होंने यह भी सिखाया कि धर्म बाहरी आडंबरों में नहीं बल्कि आत्मा की पवित्रता में निहित है। अहिंसा, सत्य, संयम और तप ही धर्म के वास्तविक लक्षण हैं। क्रोध, मान, माया और लोभ जैसे दोष मनुष्य के सभी गुणों का नाश कर देते हैं। इसलिए जो व्यक्ति अपने जीवन में शांति और संतुलन चाहता है, उसे इन विकारों का त्याग करना चाहिए। महावीर का यह संदेश आज के तनावपूर्ण जीवन में अत्यंत उपयोगी है, जहां मानसिक अशांति और असंतुलन तेजी से बढ़ रहा है।

महावीर स्वामी ने समानता और मानवता का भी अद्वितीय संदेश दिया। उन्होंने यह स्पष्ट किया कि जन्म से नहीं बल्कि कर्म से व्यक्ति महान बनता है। यदि कोई उच्च कुल में जन्म लेकर भी बुरे कर्म करता है तो वह श्रेष्ठ नहीं हो सकता जबकि निम्न कुल में जन्म लेने वाला व्यक्ति यदि सदाचार और सद्विचार अपनाता है तो वह सम्मान का अधिकारी है। यह विचार सामाजिक समरसता और समानता की नींव को मजबूत करता है। उनकी दृष्टि में सेवा भी सर्वोच्च धर्म है। रोगियों और जरूरतमंदों की सेवा को उन्होंने ईश्वर की सेवा से भी बढ़कर बताया। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि स्त्री और पुरुष दोनों समान रूप से मुक्ति के अधिकारी हैं, जो उनके प्रगतिशील और समतामूलक विचारों को दर्शाता है।

आज जब समाज हिंसा, असहिष्णुता और नैतिक पतन की चुनौतियों से जूझ रहा है, तब भगवान महावीर की अमृतवाणी हमें आत्मशुद्धि, सह-अस्तित्व और शांति का मार्ग दिखाती है। यदि हम उनके सिद्धांतों को अपने जीवन में आत्मसात कर लें तो न केवल व्यक्तिगत जीवन में संतुलन और शांति स्थापित हो सकती है बल्कि समाज में भी सद्भाव, करुणा और अहिंसा की स्थापना संभव है। यही महावीर स्वामी के संदेश की वास्तविक सार्थकता है, जो युगों-युगों तक मानवता का मार्गदर्शन करती रहेगी।

## विशेष

# महावीर स्वामी : मानवता के सच्चे मार्गदर्शक

महेन्द्र तिवारी

महावीर जयंती भारत के प्रमुख धार्मिक और आध्यात्मिक पर्वों में से एक है, जो जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी के जन्मोत्सव के रूप में अत्यंत श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाई जाती है। यह केवल एक धार्मिक उत्सव नहीं, बल्कि मानवीय मूल्यों, नैतिकता और आध्यात्मिक जागरूकता का संदेश देने वाला पर्व है। इस दिन न केवल जैन समुदाय, बल्कि सभी धर्मों के लोग भगवान महावीर के उपदेशों को याद करते हैं और उन्हें अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लेते हैं। महावीर जयंती हमें यह सिखाती है कि सच्चा धर्म केवल पूजा-पाठ तक सीमित नहीं है, बल्कि वह हमारे व्यवहार, सोच और जीवन शैली में झलकना चाहिए।

भगवान महावीर का जन्म लगभग 599 ईसा पूर्व वैशाली के समीप कुंडलपुर में एक क्षत्रिय परिवार में हुआ था। उनका बचपन का नाम वर्धमान था। बचपन से ही उनमें असाधारण साहस, करुणा और संवेदनशीलता थी। वे राजसी वैभव में पले-बढ़े, लेकिन उनका मन सांसारिक सुखों में नहीं लगा। तीस वर्ष की आयु में उन्होंने राज-पाट, परिवार और सभी सुख-सुविधाओं का त्याग कर सन्यास धारण कर लिया और सत्य की खोज में निकल पड़े। यह त्याग ही उनके महान व्यक्तित्व की पहली झलक थी, जिसने उन्हें साधारण मनुष्य से महान आत्मा बना दिया। महावीर स्वामी ने लगभग बारह वर्षों तक कठोर तपस्या और साधना की। इस दौरान उन्होंने अनेक कष्टों को सहन किया, लेकिन कभी विचलित नहीं हुए। अंततः उन्हें ज्ञान की प्राप्ति हुई, जिसे कैवल्य ज्ञान' कहा जाता है। इसके बाद उन्होंने अपने अनुभवों और ज्ञान को समाज के सामने प्रस्तुत किया और लोगों को सच्चे जीवन का मार्ग दिखाया। उन्होंने कभी स्वयं को भगवान नहीं कहा, बल्कि यह बताया कि हर व्यक्ति अपने प्रयासों से आत्मज्ञान प्राप्त कर सकता है। यह विचार उस समय के लिए अत्यंत क्रांतिकारी था और आज भी उतना ही प्रासंगिक है।

भगवान महावीर के उपदेशों का मूल आधार अहिंसा है। उन्होंने कहा कि किसी भी जीव को कष्ट पहुँचाना सबसे बड़ा पाप है। उन्होंने न केवल शारीरिक हिंसा, बल्कि विचारों और शब्दों में भी अहिंसा का पालन करने की शिक्षा दी। उनके अनुसार, यदि हम किसी के प्रति बुरा सोचते हैं, तो वह भी एक प्रकार की हिंसा है। इसी के साथ उन्होंने सत्य, अस्तेय, ब्रह्मचर्य और अपरिग्रह जैसे सिद्धांतों का भी प्रचार किया। ये पाँच महाव्रत आज भी जैन धर्म की आधारशिला हैं और मानव जीवन को संतुलित और नैतिक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

महावीर जयंती का पर्व इन शिक्षाओं को याद करने और उन्हें जीवन में उतारने का अवसर प्रदान करता है। इस दिन जैन मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना की जाती है, भगवान महावीर की प्रतिमाओं का अभिषेक किया जाता है और शोभा यात्राएँ निकाली जाती हैं। श्रद्धालु भक्ति गीत गाते हैं, प्रवचन सुनते हैं और दान-पुण्य के कार्य करते हैं। कई लोग इस दिन उपवास रखते हैं और आत्मचिंतन में समय बिताते हैं। यह सब केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं हैं, बल्कि आत्मशुद्धि और आत्मविकास के साधन हैं।



महावीर जयंती का महत्व केवल धार्मिक दृष्टि से ही नहीं, बल्कि सामाजिक और नैतिक दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। आज के युग में, जब समाज में हिंसा, असहिष्णुता और स्वार्थ बढ़ते जा रहे हैं, महावीर के उपदेश हमें शांति और संतुलन का मार्ग दिखाते हैं। उनका जियो और जीने दो' का संदेश आज के समय में अत्यंत प्रासंगिक है। यह हमें सिखाता है कि हमें न केवल अपने जीवन का सम्मान करना चाहिए, बल्कि दूसरों के जीवन का भी आदर करना चाहिए। इसके अलावा, महावीर स्वामी ने पर्यावरण संरक्षण का भी अप्रत्यक्ष रूप से संदेश दिया। जब वे कहते हैं कि हर जीव महत्वपूर्ण है, तो इसमें पेड़-पौधे, पशु-पक्षी और प्रकृति के सभी तत्व शामिल होते हैं। आज जब दुनिया पर्यावरण संकट से जूझ रही है, उनके विचार हमें प्रकृति के प्रति संवेदनशील बनने की प्रेरणा देते हैं। यदि हम उनके सिद्धांतों का पालन करें, तो न केवल समाज में शांति स्थापित हो सकती है, बल्कि प्रकृति का संतुलन भी बना रह सकता है।

महावीर जयंती हमें आत्मसंयम का भी महत्व सिखाती है। आज के भौतिकवादी युग में लोग अधिक से अधिक संपत्ति और सुख-सुविधाएँ प्राप्त करने की होड़ में लगे हैं। लेकिन महावीर स्वामी ने अपरिग्रह का संदेश देकर बताया कि आवश्यकता से अधिक संग्रह करना भी एक प्रकार का बंधन है। सच्चा सुख बाहरी वस्तुओं में नहीं, बल्कि भीतर की शांति और संतोष में होता है। यह विचार हमें जीवन को सरल और संतुलित बनाने की प्रेरणा देता है। इस पर्व का एक और महत्वपूर्ण पहलू है समानता और मानवता का संदेश। महावीर स्वामी ने जाति, वर्ग और लिंग के भेदभाव को नकारते हुए सभी को समान माना। उनके अनुसार, हर व्यक्ति में आत्मा समान है और सभी को सम्मान और अधिकार मिलना चाहिए। यह विचार आज भी समाज में समानता और न्याय स्थापित करने के लिए प्रेरणा देता है। अंततः, महावीर जयंती केवल एक धार्मिक उत्सव नहीं, बल्कि एक जीवन-दर्शन है। यह हमें अपने भीतर झाँकने, अपने दोषों को पहचानने और उन्हें सुधारने का अवसर देती है। यह पर्व हमें यह याद दिलाता है कि सच्चा धर्म बाहरी आडंबर में नहीं, बल्कि हमारे आचरण और विचारों में होता है। यदि हम भगवान महावीर के उपदेशों को अपने जीवन में अपनाएँ, तो न केवल हमारा जीवन बेहतर हो सकता है, बल्कि समाज भी अधिक शांतिपूर्ण और मानवीय बन सकता है। इस प्रकार महावीर जयंती एक ऐसा पर्व है, जो हमें आध्यात्मिक ऊँचाइयों की ओर अग्रसर होने के लिए प्रेरित करता है और मानवता के सच्चे मार्ग पर चलने का संदेश देता है।

## नजरिया

# युद्ध के माहौल में याद आए भगवान महावीर

बाल मुकुंद ओझा
मोबाइल : 8949519406

भगवान महावीर जयंती का पर्व इस वर्ष 31 मार्च को देश में मनाया जा रहा है। आज देश और दुनिया में सर्वत्र युद्ध, हिंसा, मारकाट, धार्मिक असहिष्णुता तथा नफरत का माहौल व्याप्त हो रहा है। लोग एक दूसरे के खिलाफ लड़-मरने को तैयार है। रूस और उक्रेन का युद्ध अभी रुका ही नहीं है कि अमेरिका इजराइल-ईरान युद्ध ने समूची मानवता को लहूलुहान कर दिया है। युद्ध के इस साये में भगवान महावीर की जयंती पर उनकी प्रेरणादायी शिक्षा और सन्देश का याद आना स्वाभाविक है। भगवान महावीर के विचारों की प्रासंगिकता आज भी हमें नेकी के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। भगवान महावीर की जयंती पर हमें उनके बुनियादी सिद्धांतों अहिंसा, अनेकांत, अपरिग्रह, की याद दिलाती है, जिनपर चलकर मानव जाति की इन समस्याओं को हल संभव है। महावीर ने जाति, समुदाय, धर्म, रंग या क्षेत्र के आधार पर असमानता को दूर करने के लिए अनेकांत (अनेकता में एकता) का सिद्धांत प्रतिपादित किया था। इस दिन हमें भगवान महावीर के विचारों का गहन मंथन कर आत्मसात करने की जरुरत है। वे महान समाज सुधारक थे। उनके बताये मार्ग पर चलकर हम अपने समाज को शांति और भलाई का रास्ता दिखा सकते है।

महावीर स्वामी का जन्म दिवस चैत्र की शुक्ल त्रयोदशी को मनाया जाता है। जैन समुदाय के लिए महावीर जयंती का विशेष महत्व होता है। महावीर स्वामी जैन धर्म के प्रवर्तक भगवान श्रीआदिनाथ की परंपरा में चौबीसवें तीर्थंकर हैं। महावीर स्वामी ने अहिंसा परमो धर्म सूत्र दिया। महावीर जयंती जैन समुदाय द्वारा भगवान महावीर के जन्म की खुशी में उत्सव के रूप में मनाते हैं। पंचशील सिद्धान्त के प्रवर्तक और जैन धर्म के चौबीसवें तीर्थंकर महावीर अहिंसा के प्रमुख ध्वजवाहकों में से एक है। भगवान महावीर ने पूरे समाज को सत्य और अहिंसा का मार्ग दिखाया। जैन समुदाय इस पर्व को उत्सव के तौर पर मनाते हैं।

मगवान महावीर ने हमेशा से ही दुनिया को अहिंसा और अपरिग्रह का संदिश दिया है। मोक्ष पाने के बाद, भगवान महावीर ने पांच सिद्धांत लोगों को बताए जो समृद्ध जीवन और आंतरिक शांति की ओर ले जाने वाले बताये जाते हैं। ये पांच सिद्धांत इस प्रकार हैं, पहला अहिंसा, दूसरा सत्य, तीसरा अस्तेय, चौथा ब्रह्मचर्य और पांचवा व अंतिम सिद्धांत है अपरिग्रह। इसी तरह किंवदंती है कि महावीर जी के जन्म से पूर्व उनकी माता जी ने 16 स्वप्न देखे थे जिनके स्वप्न का अर्थ राजा सिद्धार्थ द्वारा बतलाया गया है। महावीर स्वामी अहिंसा के पुजारी थे उनका मानना था कि इस दुनिया में जितने भी जीव है उन पर कभी भी हिंसा नहीं करनी चाहिए। भगवान महावीर का कहना है कि मनुष्य को कभी भी असत्य का मार्ग नहीं अपनाना चाहिए। मनुष्य को सत्य के मार्ग पर चलना चाहिए। महावीर स्वामी ने ब्रह्माचर्य के बारे में बताया है कि उत्तम तपस्या, ज्ञान, संयम और विनय ब्रह्माचर्य की जड़ है।

**"के सिद्धांतों का पालन करना जरूरी होता है। महावीर स्वामी सबसे बड़ा सिद्धांत अहिंसा है। यही नहीं उनके हर भक्तों को अहिंसा के साथ, सत्य, अचौर्य, बह्मचर्य और अपरिग्रह के पांच व्रतों का पालन करना आवश्यक होता है। जैन ग्रंथों के अनुसार, 23 वें तीर्थंकर पार्श्वनाथ जी के निर्वाण प्राप्त करने के 188 वर्ष बाद भगवान महावीर का जन्म हुआ था। अहिंसा परमो धमर्रू अर्थात अहिंसा सभी धर्मों से सर्वोपरि है।**

जैन मान्यताओं के अनुसार उनका जन्म बिहार के कुंडलपुर के राज परिवार में हुआ था। भगवान महावीर का बचपन का नाम वर्धमान था। कहा जाता है कि इन्होंने 30 साल की उम्र में घर छोड़ दिया और दीक्षा लेने के बाद 12 साल तपस्या की। दीक्षा लेने के बाद महावीर 12 साल तक तपस्या की। भगवान महावीर के दर्शन के लिए भक्तों को उनके सिद्धांतों का पालन करना जरूरी होता है। महावीर स्वामी सबसे बड़ा सिद्धांत अहिंसा है। यही नहीं उनके हर भक्तों को अहिंसा के साथ, सत्य, अचौर्य, बह्मचर्य और अपरिग्रह के पांच व्रतों का पालन करना आवश्यक होता है। जैन ग्रंथों के अनुसार, 23 वें तीर्थंकर पार्श्वनाथ जी के निर्वाण प्राप्त करने के 188 वर्ष बाद भगवान महावीर का जन्म हुआ था। अहिंसा परमो धमर्रू अर्थात अहिंसा सभी धर्मों से सर्वोपरि है। यह संदेश उन्होंने पूरी दुनिया को दिया व संसार का मार्गदर्शन किया। पहले स्वयं अहिंसा का मार्ग अपनाया और फिर दूसरों को इसे अपनाने के लिये प्रेरित किया। जियो और जीने दो का मूल मंत्र इन्हीं की देन है। महावीर के सिद्धांत में समर्पण का भाव सबसे अहम था। उनका मानना था कि मांग कर, प्रार्थना करके या हाथ जोड़कर धर्म को हालिस नहीं किया जा सकता। महावीर मानते थे कि धर्म को खुद धारण करना चाहिए, इसे किसी से मांगकर हासिल नहीं किया जा सकता। धर्म जीतने से मिलता है, जिसके लिए संघर्ष करना पड़ता है। महावीर अहिंसा के पुजारी थे उनका मानना था कि इस दुनिया में जितने भी जीव है उन पर कभी भी हिंसा नहीं करनी चाहिए।

**महत्त्वपूर्ण**

Printed& Published by Devendra Sharma on behalf of owners M/s. New Media Company,6/4 , Ist floor, Cantonment station road, Bengaluru-51and printed at Dinasudar Printing Division, 116, Queens Road, Bengaluru-560052. Editor-Shreekant Parashar, (*Responsible for selection of news under PRB Act.) Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any suchmanner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.RNI No. 58061/93. Regn No.: RNP/KA/BGS/2050/2015-2017 posted at Bengaluru PSO Mysore Road Bengaluru-560 026

पाठकों से अनुरोध है कि इस प्रकाशन में प्रकाशित किए जाने वाले किसी भी तरह के विज्ञापन (वैवाहिक, वर्गीकृत, टैंड़र एवं सजावटी इत्यादि) पर कोई भी कार्यवाही, प्रतिबद्धता या धनराशि का व्यय करने से पूर्व इन विज्ञापनों के बारे में समस्त जानकारी वह स्वयं प्राप्त कर लें। दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह उत्पादों की गुणवत्ता तथा सेवाओं के लिए विज्ञापनदाताओं द्वारा किए जा रहे किसी प्रकार के दावों के लिए जिम्मेदार नहीं है। अगर विज्ञापनदाता विज्ञापन में किया जा रहा दावा पूरा नहीं करता है तो दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह के संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक या मालिकान को पाठक किसी भी रूप में उत्तरदाई नहीं बना सकता।- दक्षिण भारत राष्ट्रमत



प्रचार

केरल विधानसभा चुनाव के प्रचार के बीच राहुल गांधी का यह अंदाज चर्चा का विषय बना हुआ है।

# सोशल मीडिया मंचों ने डीपफेक हटाने की कार्रवाई को लगभग दो से तीन गुना बढ़ाया: वैष्णव

**नयी दिल्ली/भाषा**

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोमवार को कृत्रिम मेधा (एआई) से तैयार किए जाने वाले 'डीपफेक' पर बढ़ती चिंताओं को रेखांकित करते हुए कहा कि सोशल मीडिया मंचों ने भी अपनी ओर से डीपफेक सामग्री को हटाने के प्रयासों को काफी तेज कर दिया है। सूचना प्रौद्योगिकी और सूचना एवं प्रसारण मंत्री वैष्णव ने पत्रकारों से बातचीत में डीपफेक को समाज के लिए एक नया खतरा और अभिशाप बताया। डीपफेक वह प्रौद्योगिकी है जिसके जरिये किसी व्यक्ति की फोटो, आवाज या वीडियो को डिजिटल माध्यम से बदलकर बिल्कुल असली जैसा दिखने वाला फर्जी रूप दे दिया जाता है। मंत्री ने कहा, डीपफेक के रूप में बहुत सारी सामग्री आने लगी है। एआई की दुनिया में हुए बदलावों के कारण सोशल मीडिया पर भारी मात्रा में डीपफेक आ रहे हैं।

# किसी को प्रभावित करने की कोशिश मत करो : कंगना रनौत

**मुंबई/एजेन्सी**



संसद से लेकर सोशल मीडिया पर बेबाक राय रखने वाली भाजपा सांसद और एक्ट्रेस कंगना रनौत अपने बयानों की वजह से सुर्खियों में रहती हैं। रविवार को उन्होंने अपने फैंस को मोटिवेट करते हुए अपने विचार शेयर किए। अभिनेत्री का कहना है कि दूसरों को प्रभावित करने में जिंदगी निकाल देना गलत है। कंगना हमेशा हर विषय पर खुलकर राय रखती हैं और यही बातें उन्हें दूसरों से अलग बनाती हैं। अभिनेत्री ने खुद को तवज्जो देने की बात कही और बताया कि लोग क्यों किसी को पसंद और नापसंद करते हैं। उन्होंने इंस्टाग्राम पर लिखा, आज का विचार... लोग आपको इसलिए पसंद नहीं करते, क्योंकि आप दयालु, सफल या उदार हैं। वे आपको इसलिए पसंद करते हैं, क्योंकि वे खुद दयालु, सफल और उदार हैं। किसी को प्रभावित करने की कोशिश मत करो। वे तभी प्रभावित होंगे जब वे खुद प्रभावशाली होंगे। अभिनेत्री ने आगे लिखा, दूर रहो क्योंकि अगर तुम बहुत ज्यादा कोशिश करोगे तो वे तुमसे नफरत करने लगेंगे। अपना समूह ढूंढो, वहां बसने की कोशिश मत करो,जहां तुम अस्थिर महसूस करते हो। उठो और चमको।

कंगना सिनेमा की वो अभिनेत्री हैं जिन्होंने बिना किसी गॉडफादर के सिनेमा में अपनी पहचान बनाई है और संसद तक का सफर पूरा किया है। उन्होंने किसी भी परिस्थिति में हार मानना नहीं सीखा है। राजनीति में आने से पहले उन्होंने सिनेमा में फैले नेपोटिज्म पर जमकर निशाना साधा था। उन्होंने निर्माताओं और निर्देशकों पर भी आरोप लगाए कि वे सिर्फ अपने करीबी दोस्तों के बच्चों को सिनेमा में लॉन्च करते हैं, जिन्हें एक्टिंग का 'ए' भी नहीं आता। उन्होंने आलिया भट्ट और अनन्या पांडे को निशाना बनाकर करण जौहर पर बहुत बार हमला बोला है। आज अभिनेत्री फिल्मों के साथ जनहित के मुद्दों पर बात करती है और मंडी के विकास और राजनीति में महिलाओं की भागीदारी को बढ़ाने का प्रयास कर रही हैं। सांसद बनने के बाद अभिनेत्री लगातार खादी को प्रमोट कर रही हैं और संसद में अपनी ट्रेडिशनल साड़ियों के लिए जानी जाती हैं।

# कुब्रा सैत की सलाह-सोशल मीडिया के दबाव में मत आइए

**मुंबई/एजेन्सी**



मुंबई एक्ट्रेस कुब्रा सैत ने हाल ही में सोशल मीडिया पर दिखने वाले परफेक्ट बॉडी स्टैंडर्ड्स पर अपनी बात रखते हुए बताया है कि किस तरह से सोशल मिडीया का दखल व्यक्तिगत जीवन में बढ़ गया है। साथ ही इस पर कुब्रा ने लोगों को सलाह भी दी है कि इन चीजों के लिए सोशल मीडिया को दोष देने के बजाय खुद के अंदर झांकना चाहिए। इस विषय में कुब्रा कहती हैं, असली समस्या सोशल मीडिया नहीं, बल्कि हमारी अपनी असुरक्षाएं हैं। अगर इंसान का आत्मविश्वास मजबूत हो, तो बाहर की चीजें उसे ज्यादा प्रभावित नहीं कर सकती। इसके अलावा उन्होंने अपनी बात करते बताया कि वे खुद को फिट रखने पर ध्यान देती हैं, लेकिन किसी तरह के बदलाव का सहारा नहीं लेतीं। हालांकि, वह यह भी मानती हैं कि हर किसी की अपनी पसंद होती है और ऐसे में हर किसी को चाहिए कि वे दूसरों को जज न करें।कुब्रा कहती हैं, हर किसी की अपनी जर्नी होती है, अपनी पसंद होती है, इसलिए दूसरों को जज करने या उनसे खुद की तुलना करने की बजाय अपनी लाइफ और अपने सफर पर ध्यान दें। इन सबके अलावा अपने करियर के बारे में बात करते हुए कुब्रा ने यह भी बताया कि मेहनत और अनुशासन उनके लिए बहुत जरूरी रहे हैं। हालांकि मुंबई आना उनके लिए एक बड़ा टर्निंग पॉइंट था, जिससे उन्हें अपने सपनों को पूरा करने का मौका मिला। फिलहाल अपनी मेहनत और लगन से इंडस्ट्री में अपनी पहचान बना चुकी कुब्रा कहती हैं कि उन्हें अपने काम से उम्मीद से ज्यादा मिला है और इसके लिए वह बेहद शुक्रगुजार हैं।

उद्घाटन



मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने नए प्रशासनिक और शैक्षणिक भवन का उद्घाटन किया। बिहार में शिक्षा के बुनियादी ढांचे को मिलेगी मजबूती।

# धीमी पड़ी 'धुरंधर-2' की रफ्तार, वीकेंड पर कम हुई कमाई

**मुंबई/एजेन्सी**

रणवीर सिंह अभिनीत फिल्म 'धुरंधर 2' भारतीय बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त कमाई करने के बाद भी अपनी रफ्तार कम होने के नाम नहीं ले रही है। फिल्म पहले ही 'पठान', 'जवान', और 'बाहुबली' का रिकॉर्ड तोड़ चुकी है। फिल्म की ओपनिंग के बाद फिल्म ने दूसरे वीकेंड में भी शानदार प्रदर्शन किया लेकिन पहले हफ्ते की तुलना में दूसरे हफ्ते के कलेक्शन में कमी आई है। अब देखना यह होगा कि फिल्म अपने तीसरे हफ्ते कमाई को कितना बरकरार रख पाती है। आदित्य धर की कंपनी बी62 स्टूडियो ने फिल्म के आधिकारिक आंकड़े जारी किए हैं, जिसके मुताबिक फिल्म ने अब तक विश्व भर में 1365 करोड़ की कमाई कर ली है।

यह फिल्म का 11 दिन का कलेक्शन है। फिल्म ने दूसरे हफ्ते, यानी आठवें दिन, पहले हफ्ते की तुलना में कम कमाई की। फिल्म ने यहां पहले दो दिन 145 करोड़ का कलेक्शन किया। वहीं दूसरे दिन 53 करोड़ का कलेक्शन किया। नौवें दिन फिल्म ने 42 करोड़, दसवें दिन 64 करोड़, और 11वें दिन 71 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया है।

फिल्म का कलेक्शन पहले हफ्ते की तुलना में काफी कम हो गया है। पहले हफ्ते के वीकेंड पर रविवार को फिल्म ने 117 करोड़ का कलेक्शन किया था लेकिन अब दूसरे वीकेंड के रविवार को फिल्म 71 करोड़ रुपये ही कमा पाई है। भले ही फिल्म के कलेक्शन में गिरावट आई है, लेकिन फिल्म अभी भी बॉक्स ऑफिस पर राज कर रही है।कुल 11 दिन की कमाई की बात करें तो धुरंधर-2 भारत में 1023 करोड़ रुपए का ग्रॉस कलेक्शन करने में कामयाब रही है, जबकि नेट कलेक्शन 867 करोड़ रुपए है। फिल्म की ओवरसीज कमाई 342 करोड़ रुपए है। कुल मिलाकर फिल्म ने अब तक विश्व भर में 1365 करोड़ रुपए का आंकड़ा पार कर लिया है। बता दें कि फिल्म का कलेक्शन ही सिनेमा पर राज नहीं कर रहा है, बल्कि फिल्म का हर किरदार और कहानी भी फैंस के दिलों पर राज कर रही है। फिल्म में रणवीर सिंह की जसकीरत सिंह रंगी से हमजा अली बनने की कहानी ने फैंस के दिलों को छू लिया। अर्जुन रामपाल की खूंखार एक्टिंग को भी खूब प्यार मिल रहा है और सिनेमा की हर बड़ी हस्ती सोशल मीडिया पर फिल्म की खूब तारीफ कर रही है।

उत्साह



महावीर जयंती के अवसर पर भोपाल की सड़कों पर निकली भव्य शोभायात्रा। भक्ति और उत्साह का संगम।

# नेपाल में पूर्व प्रधानमंत्री ओली की गिरफ्तारी के खिलाफ लगातार तीसरे दिन प्रदर्शन

**काठमांडू/भाषा**

नेपाल में पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली की गिरफ्तारी के खिलाफ प्रदर्शन सोमवार को लगातार तीसरे दिन भी जारी रहे। इस बीच, प्राधिकारियों ने धन शोधन को लेकर तीन पूर्व प्रधानमंत्रियों के खिलाफ जांच तेज कर दी है। ओली और पूर्व गृह मंत्री रमेश लेखक को पिछले साल सितंबर में 'जेन-जेड' समूह के नेतृत्व में हुए सरकार विरोधी प्रदर्शनों को दबाने में उनकी भूमिका के आरोप में गत शनिवार को गिरफ्तार कर लिया गया था। इन विरोध-प्रदर्शनों के दौरान लगभग दो दर्जन युवाओं समेत 76 लोग मारे गए थे।

बालेंद्र शाह के नेतृत्व में हाल ही में गठित नयी सरकार ने अपनी पहली कैबिनेट बैठक में 'जेन-जेड' विरोध-प्रदर्शनों की जांच करने वाले आयोग की रिपोर्ट लागू करने का फैसला लिया था, जिसके बाद ओली और लेखक को गिरफ्तार कर लिया गया। ओली नीत कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल-एकीकृत मार्क्सवादी-लेनिनवादी (सीपीएन-यूएमएल) और उसके सहयोगी संगठनों एवं छात्र इकाइयों के सैकड़ों कार्यकर्ता सोमवार सुबह नया बनेश्वर क्षेत्र में इकट्ठा हुए।



उन्होंने हाथों में तख्तियां थाम रखी थीं, जिन पर केपी ओली को तुरंत रिहा करो और बदले की राजनीति बंद करो जैसे नारे लिखे हुए थे। सोमवार को हुए विरोध-प्रदर्शन सीपीएन-यूएमएल की ओर से शनिवार और रविवार को किए गए प्रदर्शन के मुकाबले शांतिपूर्ण रहे। रविवार को दंगा पुलिस के साथ झड़प में सीपीएन-यूएमएल के एक दर्जन से अधिक कार्यकर्ता घायल हो गए थे। इस बीच, नेपाल के धन शोधन जांच विभाग (डीएमएलआई) और पुलिस ने पूर्व मंत्री दीपक खड्का की गिरफ्तारी के बाद पूर्व प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा, केपी शर्मा ओली और पुष्प कमल दाहाल 'प्रचंड' के खिलाफ जांच तेज कर दी है। 'द काठमांडू पोस्ट' की खबर के मुताबिक, मामले की विस्तृत जांच शुरू करने से पहले विभाग ने लगभग छह महीने तक प्रारंभिक जांच की थी। ऊर्जा मंत्री रह चुके खड्का को धन शोधन से जुड़े एक मामले के सिलसिले में पिछले रविवार को गिरफ्तार किया गया था। उन्हें स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की शिकायत के बाद सोमवार को महाराजगंज स्थित त्रिभुवन यूनिवर्सिटी टीचिंग हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया।

खड्का पर ऊर्जा, जल संसाधन और सिंचाई मंत्री के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान परियोजनाओं के लिए लाइसेंस एवं अनुबंध दिलाने में मदद के बदले वित्तीय लाभ हासिल करने का आरोप है। पिछले साल 'जेन जेड' के विरोध-प्रदर्शन के दौरान ऐसी तस्वीरें और वीडियो सामने आए थे, जिनमें खड्का, देउबा और प्रचंड के आवास पर जले हुए नोट के टुकड़े दिख रहे थे। बाद में फॉरेंसिक जांच के जरिये इन तस्वीरों-वीडियो की प्रामाणिकता की पुष्टि हुई थी।

# मिडलाइफ गिरावट नहीं, बल्कि खुद को अपग्रेड करने का समय है : लीसा रे

**मुंबई/एजेन्सी**



अभिनेत्री लीसा रे अक्सर सोशल मीडिया के जरिए स्वास्थ्य और उम्र बढ़ने को लेकर अपने विचार रखती हैं। सोमवार को अभिनेत्री ने मिडलाइफ में मानसिक स्वास्थ्य को लेकर खुलकर बात की। अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो पोस्ट किया। इसके साथ उन्होंने बताया कि यह वीडियो साल 2026 की शुरुआत में बनाया था और अब वे मिडलाइफ एज महिलाओं के स्वास्थ्य से जुड़े एक प्लेटफॉर्म से जुड़ चुकी हैं। लीसा ने लिखा, बहुत सी महिलाएं मुझे फॉलो कर रही हैं। मिडलाइफ आपसे धीमा होने के लिए नहीं कहती। यह आपसे कहती है कि आप और आगे बढ़ो। उन्होंने लिखा, 'एचआरटी लेना चाहिए या नहीं?' यह सवाल नहीं है। असल सवाल ये है कि मैं इस नए अध्याय में स्वस्थ, ऊर्जावान और अपने सबसे बेहतरीन रूप में कैसे कदम रखूं? क्योंकि आपका ग्लो-अप किसी एक दवा से नहीं आता। यह स्वयं के नियंत्रण और जिम्मेदारी से आता है। उन्होंने बताया कि हार्मोन रिप्लेसमेंट थेरेपी मदद कर सकती है और कभी-कभी जीवन बदल भी सकती है, लेकिन मिडलाइफ सिर्फ एक गोली तक सीमित नहीं है। लिसा ने लिखा, यह वह समय है, जब आप अपने शरीर की सीईओ बन जाती हैं। कोई इंटर्न नहीं, कोई भ्रम नहीं और न ही अराजकता। लीसा रे ने महिलाओं को कुछ व्यावहारिक सलाह भी दी। उन्होंने लिखा, वेट ट्रेनिंग अब अनिवार्य है, प्रोटीन और नींद को प्राथमिकता दें। नर्वस सिस्टम की देखभाल रोज करें, न कि कभी-कभी।

उन्होंने इस बात पर जोर देते हुए लिखा कि अब महिलाएं अपनी सेहत का सिर्फ ध्यान न करें, बल्कि नेतृत्व करें। आराम, खुशी और ताकत के लिए किसी से माफी न मांगें। खुद को छोटा न करें, बल्कि सही तरीके से खुद को आकार दें। अभिनेत्री ने लिखा, मिडलाइफ गिरावट की शुरुआत नहीं है। यह आपके ऑपरेटिंग सिस्टम को अपग्रेड करने का समय है। नया साल, नई ऊर्जा, और इस बार आप अपनी ताकत किसी और पर नहीं छोड़ रही हैं। पोस्ट के अंत में लीसा ने लिखा, स्वयं-नेतृत्व का युग शुरू हुआ है और यह आप पर बहुत अच्छा लग रहा है।

# जब डाकू ने चाकू से अपने हाथ पर लिया मीना कुमारी का ऑटोग्राफ

**मुंबई/एजेन्सी**

हिंदी सिनेमा की दुनिया में कई सितारे ऐसे हैं, जो अपनी कला और किस्सों के चलते लोगों के बीच हमेशा बने रहते हैं। मीना कुमारी उन्हीं सितारों में से एक थीं। वह सिर्फ अपने दमदार अभिनय के लिए ही नहीं, बल्कि अपनी निजी जिंदगी के अनसुने और दिलचस्प किस्सों के लिए भी जानी जाती हैं। 31 मार्च को उनकी पुण्यतिथि के मौके पर हम उनके मध्य प्रदेश के बीहड़ इलाके से जुड़े एक किस्से के बारे में बताएंगे, जहां एक रात उनके साथ कुछ ऐसा हुआ, जिसे सुनकर आज भी लोग हैरान रह जाते हैं। मीना कुमारी की जीवनी 'मीना कुमारी-ए क्लासिक बायोग्राफी' के मुताबिक, यह घटना उस समय की है जब मीना कुमारी अपने पति और फिल्म निर्माता कमाल अमरोही के साथ शूटिंग के सिलसिले में यात्रा कर रही थीं। बताया जाता है कि मध्य प्रदेश के शिवपुरी इलाके से गुजरते समय उनकी कार का पेट्रोल अचानक खत्म हो गया। चारों तरफ सन्नाटा था, दूर-दूर तक कोई नहीं था और रात भी हो चुकी थी। ऐसे में उन्होंने वहीं रुककर सुबह होने का इंतजार करने का फैसला किया। लेकिन उन्हें इस बात का अंदाजा नहीं था कि यह इलाका उस समय डाकुओं के लिए कुख्यात माना जाता था।

रात करीब दो बजे अचानक कुछ हथियारबंद लोग वहां पहुंचे और उन्होंने गाड़ियों को घेर लिया।



माहौल एकदम तनावपूर्ण हो गया। पहले तो सभी को लगा कि अब लूटपाट हो सकती है। लेकिन जैसे ही उन लोगों को यह पता चला कि गाड़ी में बैठी महिला मशहूर अभिनेत्री मीना कुमारी हैं, उनके तेवर बदल गए। डाकुओं का व्यवहार अचानक नरम हो गया और उन्होंने पूरी टीम के साथ सम्मानजनक बर्ताव करना शुरू कर दिया। बताया जाता है कि डाकुओं के सरदार ने मीना कुमारी और उनकी टीम को अपने ठिकाने पर ले जाकर उनके खाने-पीने और आराम का पूरा इंतजाम किया। रात का जो माहौल डर से भरा था, वह धीरे-धीरे एक अजीब सी मेहमाननवाजी में बदल गया। लेकिन इस कहानी का सबसे चौंकाने वाला मोड़ अभी बाकी था।

जब सुबह होने लगी और मीना कुमारी अपनी टीम के साथ वहां से निकलने लगीं, तभी उस डाकू सरदार ने उनके सामने एक अजीबोगरीब मांग रख दी। वह अपने हाथ में एक नुकीला चाकू लेकर आया और उसने कहा कि वह उनका बहुत बड़ा फैन है और चाकू से हाथ पर उनका ऑटोग्राफ चाहता है। यह सुनकर मीना कुमारी एक पल के लिए घबरा गईं। स्थिति बेहद असामान्य थी, लेकिन माहौल को देखते हुए उन्होंने हिम्मत दिखाई और जैसे-तैसे उस डाकू के हाथ पर चाकू से ऑटोग्राफ दे दिया। बाद में जब मीना कुमारी और उनकी टीम वहां से आगे बढ़ी और सुरक्षित जगह पहुंची, तब उन्हें पता चला कि वह व्यक्ति कोई साधारण डाकू नहीं, बल्कि उस समय का कुख्यात डाकू अमृत ङ्कङ्कलाल था। मीना कुमारी की जिंदगी ऐसे ही अनगिनत किस्सों से भरी रही।

संघर्ष



शिमला में बजट सत्र के दौरान विधानसभा की ओर बढ़ रहे पेंशनर्स को पुलिस ने रोका। हक के लिए संघर्ष जारी।

भगवान महावीर के 2625वें जन्मकल्याणक महोत्सव की हार्दिक शुभकामनाएं
हमारे पूज्यनीय, स्मरणीय, प्रेरणास्रोत सेठसाहब
श्री केसरीमलजी-विमलादेवी बुरड, सेठसाहब श्री सुजानमलजी बुरड.
शुभकामनाओं सहित
श्रीमती शंकुतलादेवी, प्रकाश-आरती, आदिती, वैभव बुरड़, देवगढ़-बेंगलूरु
प्रकाश बुरड़
अध्यक्ष - श्री ऑल इंडिया श्वेताम्बर स्थानकवासी जैन कॉन्फ्रेन्स, कर्नाटक
अध्यक्ष - श्री मेवाड़ जैन बीसा ओसवाल संघ, कर्नाटक, बेंगलूरु

# महावीर जन्मकल्याणक पर आकर्षण का केन्द्र बनी प्रभु महावीर की पालकी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



बेंगलूरु। स्थानीय ज्ञानोदय दिगंबर जैन मंदिर में भगवान महावीर के 2625वें जन्म कल्याणक के अवसर पर सोमवार को दिन भर विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हुए। सुबह श्रीजी का अभिषेक प्रारंभ हुआ। ततपश्चात प्रातः 8:15 बजे से चलित झांकियों एवं दिव्य घोष के साथ श्रीजी की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। सांयकालीन कार्यक्रमों में 6:45 बजे आरती एवं ऋद्धि मंत्रों के साथ भक्तामर पाठ व अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हुए। शोभायात्रा का मुख्य आकर्षण श्रीजी(महावीर स्वामी) की सुसज्जित पालकी रही, जिसके साथ पुरुष एवं युवा वर्ग भक्ति भाव से चलते हुए दिखाई दिए। शोभायात्रा के बाद जरूरत मंद लोगों को भोजन वितरित किया गया।।

महावीर जयंती पर हार्दिक शुभकामनाएं
कर्नाटक में अत्र विराजित सभी साधु साध्वियों के चरणों में कोटिश नमन-वंदन
जीतो द्वारा आयोजित विश्व नवकार महामंत्र जाप दिवस के आयोजन पर व बेंगलूरु में जैन युवा संगठन द्वारा आयोजित महावीर जन्मोत्सव के आयोजन पर अग्रिम शुभकामनाएं।
बेंगलूरु के शांतिनगर क्षेत्र में इस वर्ष का चातुर्मास करने आ रही मंगलमूर्ति महासाध्वीश्री मंगलज्योतिजी, विकासज्योतिजी, ऋजुप्रज्ञाजी, नैतिकश्रीजी व मौलिकश्रीजी म सा. के चरणों में कोटि नमन व आगामी ऐतिहासिक चातुर्मास की मंगलकामनाएं।
श्रीमती मैनाबाई-श्री मोहनलालजी मुथा
शुभकामनाओं सहित
महावीरचन्द-कल्पना, राजेशकुमार-उषा, शंकेश-जागृति, ध्वनि मुथा
एवं समस्त वेदमुथा परिजन, शांतिनगर, बेंगलूरु (मरुधर में बगडी)
गौ सेवा श्रेष्ठ सेवा
विश्व शांति और समृद्धि के लिए करे गौसेवा, ले संकल्प
The Bangalore Cafe
Mutha Manor, No 04, K. H. Road, Double Road, Bengalure - 560027
● MOHANLAL MAHAVEERCHAND RAJESH KUMAR MUTHA
● UUSHA TRADING COMPANY
● MOMPAASONS LLP
'Tarunshree', 548/1, Basappa Road, Shantinagar Bengaluru - 560027 Ph : 080-41140050



# बेंगलूरु चातुर्मास के लिए विहार करते हुए केजीएफ पहुंचे समकितमुनि

## बेंगलूरु चातुर्मास समिति के सदस्यों ने संतों के किए दर्शन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

केजीएफ /बेंगलूरु। चेन्नई से चातुर्मास सम्पन्न कर बेंगलूरु में चातुर्मास करने के लिए बेंगलूरु की ओर विहाररत संतश्री समकित मुनिजी के दर्शनार्थ रविवार को केजीएफ में बेंगलूरु चातुर्मास समिति, युवा समिति एवं महिला समिति के पहुंचे। इस मौके पर प्रवचन सभा का आयोजन किया गया। इस मौके पर समकितमुनिजी ने अपने प्रवचन में धर्म, संयम, संस्कार एवं समाज सेवा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए युवाओं को जीवन में अनुशासन एवं समर्पण अपनाने की प्रेरणा दी। उपस्थित श्रद्धालुओं ने इस आध्यात्मिक वातावरण में विशेष शांति एवं ऊर्जा का अनुभव किया। कार्यक्रम के उपरांत सभी सदस्यों ने केजीएफ गौशाला में सेवा लाभ लिया, जहाँ गोसेवा के महत्व को समझा एवं सहभागिता का संकल्प लिया। ङ्गइस अवसर पर चातुर्मास समिति के चेयरमैन प्रकाश बेताला, कमेटी सदस्य राजेंद्र मरलेचा, गुलाब पगारिया, महेंद्र मेहता, महिला अध्यक्षा रसीला मरलेचा, मंत्री पुष्पा बोहरा, युवा चेयरमैन आशीष भंसाली, अध्यक्ष प्रदीप कांटेड़, मंत्री दीपक लुंकड़ सहित अन्य पदाधिकारी एवं सदस्यगण उपस्थित थे। सभी सदस्यों ने एक स्वर में संकल्प लिया कि समकितमुनिजी के मार्गदर्शन में आगामी बेंगलूरु चातुर्मास 2026 को ऐतिहासिक बनाया जाएगा।

प्रभु महावीर के 2625वें जन्मोत्सव पर हार्दिक बधाई
समस्त साधु साध्वियों के चरणों में कोटिश नमन-वंदन
जन-जन के आस्था के केन्द्र, अहिंसा के पुजारी, जीयो और जीने दे के सिद्धातों के पालनकर्ता प्रभु महावीर के 2625 वें जन्मकल्याणक के अवसर पर सकल जैन समाज को महावीर जन्मकल्याणक की हार्दिक शुभकामनाएं
प्रभु महावीर के चरणों में नतमस्तक
श्रीमती जेठीदेवी सिपानी
विमला-कमल सिपानी, कविता-यशवंत बोथरा,
काजल-संजय सांखला, पूजा-चन्दन शाह, एकता-संकेत देवड़ा,
स्नेह-हितेश लुंकड़ एवं राशि-अभिषेक सिपानी, उदयरामसर-बेंगलूरु
कमल सिपानी : पूर्व अध्यक्ष : श्री साधुमार्गी जैन संघ, बेंगलूर
Abhinandan Petro Pack P. Ltd.
# 27/1A, Vadera Manchenhalli, Kallu Balu Post, Jigni Hobli, Anekal Taluk, B'lore-562106 Ph. : 27825204/5 Fax : 080-2782507

JITO MYSORE
भगवान महावीर के 2625वें जन्मकल्याणक महोत्सव की हार्दिक शुभकामनाएं
9 अप्रैल 2026
नवकार महादिवस में सहभागिता के लिए हार्दिक करबद्ध निवेदन
शुभकामनाओं सहित
॥ वंदे श्री ऋषभं वीरं ॥
JAIN INTERNATIONAL TRADE ORGANISATION
JITO MySore Chapter
JITO MYSORE · JITO YOUTH · JITO LADIES · JITO BUSINESS NETWORK
1359, First Floor Vinobha Road, Opp. ACP Traffic Office, Deveraj Mohalla, Shivarampet, Mysuru - 01.
Email: jitomysorechapter@gmail.com | Website: www.jito.org | CIN: U85300KA2022NPL165447



# महावीर जन्मोत्सव पर आयोजित शिविर में 200 यूनिट रक्त संग्रहित हुआ

हुब्बल्ली/दक्षिण भारत। शहर के केएच पटवा फाउंडेशन के तत्वावधान में दामजी जादव छेड़ा मेमोरियल राष्ट्रोत्थान ब्लड सेंटर के सहयोग से अमृत रक्त महाकुंभ-2026 रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। भगवान महावीर स्वामी के 2624वें जन्म कल्याणक के अवसर पर आयोजित इस शिविर में 200 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया। इस मौके पर फाउंडेशन के विनोदकुमार पटवा ने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि भगवान महावीर स्वामी के अहिंसा, सत्य, करुणा और जीओ और जीने दो के दिव्य संदेश को हम सभी को अपनाना चाहिए।

विनोदकुमार पटवा, स्वयं 70 बार रक्तदान कर चुके हैं। उन्होंने रक्तदान को मानवता की सर्वोच्च सेवा बताया। इस आयोजन में अंकित बागरेचा, कार्तिक पालगोता, वैभव जैन, रीत बडेरा, पंकज शर्मा आदि युवाओं ने शिविर में सहयोग दिया।

सत्य, अहिंसा के प्रणेता, शांतिदूत, परम तीर्थंकर भगवान महावीर के 2625वें जन्मकल्याणक महोत्सव की हार्दिक शुभकामनाएं
Ramesh J. Kothari • Kalp D. Kothari
Sapna Pharmaceuticals Pvt. Ltd.
Kothari Business Chambers, Ground Floor, # 269/2, Kasturba Nagar, Mysore Road, Bengaluru - 560 026. Tel : +91-80-66999899, Fax: +91-80-67894910
e-mail : spanapharam@gmail.com
Reliable. Responsible. Scalable.
RAJSONS PHARMA (P) LTD.
www.rajsonsppl. com
Kothari Business Chambers, 4th Floor, # 269/2, Kasturba Nagar, Mysore Road, Bengaluru - 560 026. Tel : +91-80-26750450, Fax: +91-80-67894910
e-mail :rajsonspharmaindialimited@gmail.com
(Pharmaceutical Distributors : Bengaluru / Karnataka)
" T-Together E- Everyone A-Achieves M-More"
NAMANIDHI PHARMACEUTICAL PVT. LTD. AHMEDABAD (Gujrat)
NAMANIDHI PHARMA Ahmedabad / Bengaluru / Mumbai / Sumerpur
"Team work divides the task and double the success"
KOTHARI PHARMACEUTICAL, Sumerpur

महावीर जयंती के पावन अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं
अहिंसा परमो धर्मः
जीयो और जीने दो
संसार में जितने जीव हैं वह सब सुख चाहते हैं और दुख से डरते हैं यही कारण है कि समस्त तीर्थंकरों ने दुख को हरने वाला तथा सुख को करने वाला सदुपदेश ही दिया है ।
ऐसे ही महान् तीर्थंकर श्री महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक महोत्सव पर शत् शत् नमन ।
श्रमण भगवान महावीर को कोटि कोटि नमन एवं आप सभी को भगवान महावीर के 2625 वें जन्मोत्सव पर अनेकानेक हार्दिक शुभकामनाएं
पारसमल निर्मलकुमार गजेशकुमार मानव भंडारी, मरुधर में मारवाड़ जंक्शन
ADISHWAR INDIA LIMITED
Registered Office: # 85, 59TH CROSS, 4TH BLOCK, RAJAJINAGAR, Bangalore-560010, Ph 080-40733999
Email: info@adishwarindia.com, Web: www.adishwarindia.com



# प्रभु राम हमारे जीवन के प्राण व त्राण हैं : महेन्द्र मुणोत

बेंगलूरु। शहर के विभिन्न हिंदू संगठनों द्वारा बैटरायनपुरा में राम जन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित महेंद्र मुणोत ने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम हमारे हृदय में बसते हैं। प्रभु राम हमारे संस्कारों में बसते हैं। हम हिंदुओं की सुबह भी भगवान राम के नाम से शुरू होती है और शाम भी भगवान राम के नाम से ढलती है। प्रभु राम हमारे जीवन के प्राण व त्राण है। भाजपा नेता रामांजनैय ने मुणोत को सम्मानित किया

भगवान महावीर स्वामी के 2625 वें जन्मकल्याणक महोत्सव की हार्दिक शुभकामनाएं



शुभकामनाओं सहित : समस्त सदस्याएं : श्री कामधेनु गौशाला ट्रस्ट (रजि.), बेंगलूरु

Printed& Published by Devendra Sharma on behalf of owners M/s. New Media Company, 6/4 , Ist floor, Cantonment station road, Bengaluru-51 and printed at Dinasudar Printing Division, 116, Queens Road, Bengaluru-560052. **Editor-Shreekant Parashar**,
(*Responsible for selection of news under PRB Act.) Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.
HEAD OFFICE : DAKSHIN BHARAT RASHTRAMAT, New Media Company, 6/4, Cantonment Station Road, Bangalore 560051. Editorial : 080-25363030 / 9945488003. For Advertisement : 9945488002 - email : news@dakshinbharat.com/**RNI No. 58061/93.**